रोहतक
सोमवार 6 अप्रैल 2026
वैशाख मास कृष्ण पक्ष, चतुर्थी वर्ष : 30, अंक : 61
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

मौसम
अधि. 33.3
न्यून. 14.7

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



7 एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप: मीनाक्षी, जैस्मीन, लोकेश, हर्ष व आकाश सेमीफाइनल में पहुंचे




## खबर संक्षेप

### बजट सत्र के बाद दूसरी कैबिनेट बैठक 8 को



**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में हरियाणा मंत्रिपरिषद की बैठक आगामी 8 अप्रैल को सुबह 11 बजे हरियाणा सिविल सचिवालय चंडीगढ़ में होगी। इस बार भी बैठक के दौरान कई विभागों को लेकर चिंतन मंथन होगा साथ ही पूर्व सीएम और नेता विपक्ष की सरकारी कोठी के पीनल रेंट को लेकर फैसला होने की उम्मीद है। *ब्यूरो*

### एअर इंडिया ने इजराइल के लिए उड़ानें रद्द कीं

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच एअर इंडिया ने नई दिल्ली-तेल अवीव रूट पर 31 मई तक उड़ानें रद्द कर दी हैं। तेल अवीव के लिए ज्यादातर अंतरराष्ट्रीय एयरलाइंस पहले ही अपनी उड़ानें बंद कर चुकी हैं। फिलहाल एल अल, अर्किया और एयर हाइफा ही सीमित सेवाएं चला रही हैं। फ्लाइट सस्पेंड होने से 40 हजार से ज्यादा भारतीय प्रभावित हुए हैं। भारत आने के लिए उन्हें जॉर्डन या मिस्र के रास्ते जाना पड़ रहा है। तेल अवीव स्थित भारतीय दूतावास ने 24 घंटे की हेल्पलाइन शुरू की है। रजिस्ट्रेशन अभियान भी चला रहा है। *एजेंसी*

### शराब घोटाला : केजरीवाल खुद लड़ेंगे अपना केस



**नई दिल्ली।** अरविंद केजरीवाल और अन्य आरोपियों ने दिल्ली हाई कोर्ट में जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा के सामने रिक्यूजल अर्जी दाखिल की है। अरविंद केजरीवाल सोमवार को खुद कोर्ट में पेश होकर बहस करेंगे। इससे पहले सीबीआई-ईडी की विशेष अदालत ने सबूतों की कमी के आधार पर केजरीवाल, मनीष सिसोदिया और अन्य आरोपियों को दिल्ली शराब नीति घोटाले में राहत दे दी थी, जिसे सीबीआई ने हाईकोर्ट में चुनौती दी है। *एजेंसी*

## होर्मुज स्ट्रेट नहीं खोला तो पावर प्लांट और पुलों पर हमला करेंगे

# धमकी के बाद गाली-गलौज पर उतरे ट्रंप, बोले-ईरान को नरक बना दूंगा

**ईरानी राष्ट्रपति का पलटवार, बोले-ट्रंप अपने लोगों की भलाई छोड़ हमें डरा रहे**

*ईरानी सेना ने कहा कि अमेरिका बेबस और घबराकर धमकियां दे रहा है। ट्रम्प ने ईरान को होर्मुज खोलने या समझौता करने पर 48 घंटे का अल्टीमेटम दिया था। उन्होंने कहा था कि समय खत्म हो रहा है और ऐसा नहीं होने पर ईरान के ऊर्जा ठिकानों को निशाना बनाकर तबाह कर दिया जाएगा।*

एजेंसी ▶▶| तेल अवीव/तेहरान

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प अब गाली गलौज पर उतर आए हैं। उन्होंने रविवार को होर्मुज स्ट्रेट नहीं खोलने पर बड़ा हमला करने की धमकी दी। उन्होंने कहा कि अगर ईरान ने होर्मुज नहीं खोला तो वो उसे नरक बना देंगे। इसके साथ ही उन्होंने ईरान में पावर प्लांट और पुलों पर हमला करने की बात कही। ट्रम्प ने रविवार को सोशल मीडिया पर लिखा कि ईरान में मंगलवार को पावर प्लांट डे और ब्रिज डे एक साथ होगा यानी हमला होगा। ईरान होर्मुज स्ट्रेट खोले दे, नहीं तो नरक जैसे हालात में पहुंच जाएगा। अमेरिका ने इससे पहले गुरुवार को ईरान की राजधानी तेहरान को कराज शहर से जोड़ने वाले बी1 हाईवे ब्रिज पर हमला किया था।

### ओमान ने ईरान से की वार्ता

होर्मुज स्ट्रेट को लेकर ओमान और ईरान के बीच बातचीत हुई है। दोनों देशों ने इस समुद्री मार्ग से जहाजों की आवाजाही और नियंत्रण के संभावित विकल्पों पर चर्चा की। ओमान के विदेश मंत्रालय के मुताबिक, शनिवार की बैठक में विशेषज्ञों और अधिकारियों ने कई प्रस्ताव रखे, जिन पर आगे विचार किया जाएगा। होर्मुज स्ट्रेट की जियोलोकेशन इस बातचीत की मुख्य वजह है। इसका उत्तरी हिस्सा ईरान के नियंत्रण में है, जबकि दक्षिणी हिस्सा ओमान के पास है। ऐसे में इस रास्ते से गुजरने वाले जहाजों की सुरक्षा और आवाजाही में दोनों देशों की भूमिका अहम है। होर्मुज स्ट्रेट दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण समुद्री रास्तों में से एक है, जहां से वैश्विक तेल सप्लाई का करीब 20% गुजरता है।



### अमेरिका पिछले 47 सालों में कुछ नहीं कर पाया : अब्दुल मजीद

ईरानी सुप्रीम लीडर के प्रतिनिधि डॉ. अब्दुल मजीद हकीम इलाही ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की ईरान को दी गई धमकी पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि यह कोई नई बात नहीं है। पिछले 47 सालों में वे ईरान का कुछ नहीं कर पाए, अब भी कुछ नहीं कर पाएंगे। ट्रम्प के इस दावे पर कि अमेरिका ने ईरान के खिलाफ युद्ध जीत लिया है, इलाही ने कहा कि इसका जवाब हम जंग के मैदान में और सड़कों पर दे सकते हैं। वे कहते थे कि 3 दिन में सब कर लेंगे, लेकिन अब एक महीने से ज्यादा हो चुका है।

### ईरान ने बहरीन-कुवैत में पेट्रोकेमिकल प्लांट्स पर हमले की जिम्मेदारी ली

ईरान की इस्लामिक रेवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने कहा है कि बहरीन और कुवैत के पेट्रोकेमिकल प्लांट्स पर हमले किए हैं। आईआरजीसी के मुताबिक, तेहरान के पास कराज शहर में पुल और इंडस्ट्री पर हुए हमलों के बाद यह जवाबी हमला किया गया।

### यूएई ने 24 घंटे में 9 बैलिस्टिक मिसाइल और 50 ड्रोन गिराए

यूएई ने पिछले 24 घंटों में ईरान की 9 बैलिस्टिक मिसाइल, 1 क्रूज मिसाइल और करीब 50 ड्रोन को हवा में ही नष्ट कर दिया। अधिकारियों के मुताबिक इस दौरान कोई जान-माल का नुकसान नहीं हुआ। युद्ध शुरू होने (28 फरवरी) से यूएई अब तक 507 बैलिस्टिक मिसाइल, 24 क्रूज मिसाइल और 2,191 ड्रोन को रोक चुका है।

### अबू धाबी के पेट्रोकेमिकल प्लांट में लगी भीषण आग

ईरानी ड्रोन का मलबा गिरने से यूएई के अबू धाबी में बोरूज पेट्रोकेमिकल प्लांट में भीषण आग लग गई। इसके बाद तुरंत प्लांट का काम रोक दिया गया और नुकसान का आकलन किया जा रहा है। इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ।

## दफ्तर पर धमाके का 2 लाख में मिला टास्क, रेवाड़ी से दबोचा

# भाजपा मुख्यालय ब्लास्ट के 2 मुख्य आरोपी पकड़े

**रैपिडो में काम करते थे, सोशल मीडिया के जरिए हुई दोनों की मुलाकात**

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

सेक्टर-37 स्थित पंजाब भाजपा मुख्यालय के बाहर बीते बुधवार को हुए ब्लास्ट के मामले में पुलिस ने दो मुख्य आरोपियों को हरियाणा के रेवाड़ी से गिरफ्तार किया है। इसके लिए इन्हें 2 लाख रुपये देने की बात कही गई थी। रतनगढ़ मोरिंडा के रहने वाले अमनप्रीत सिंह और गुरतेज सिंह शामिल हैं। आरोप है कि अमनप्रीत सिंह ने बम फेंका था, जबकि गुरतेज वीडियो बनाया था, उनके पास से एक पिस्टल भी बरामद हुई है। इनकी 6 महीने पहले मुलाकात सोशल मीडिया के जरिए हुई।

### पुर्तगाल और जर्मनी में बैठे हैंडलर्स से जुड़े तार

उन्होंने कहा कि इस पूरी साजिश के तार पुर्तगाल और जर्मनी में बैठे हैंडलर्स से जुड़े हैं, जिनकी पहचान कर ली गई है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई की पंजाब में अफरातफरी फैलाने की कोशिश थी। बीते बुधवार की शाम को ब्लास्ट किया गया था। इससे मौके पर खड़ी कई कारों के शीशे टूट गए और आसपास की दीवार पर छर्रों के निशान बन गए। घटना के 2 वीडियो वायरल हुए, जिसमें से एक में व्यक्ति ग्रेनेड बम फेंकता दिखा। जबकि, दूसरे वीडियो में बाइक पर जाते दो लोग दिखे। वहीं, एक पोस्ट भी वायरल हुई थी, जिसमें इस हमले की जिम्मेदारी खालिस्तानी संगठन ने ली।

### हरियाणा एसटीएफ की मदद से पकड़ा

डीजीपी ने बताया कि आरोपियों को हरियाणा एसटीएफ की मदद से गिरफ्तार किया है। यह ऑपरेशन चंडीगढ़ पुलिस के साथ संयुक्त रूप से चलाया गया। दोनों आरोपियों को रेवाड़ी से काबू किया गया।

### 28 मार्च को गुरतेज को मिला था टास्क

उन्होंने कहा कि 28 मार्च को गुरतेज को टास्क दिया गया था कि वह बलाचौर से ग्रेनेड और हथियार लेकर आए। इसके बाद वह रूबल और मंदीप शर्मा को साथ लेकर जसबीर जस्सी से मिला, जहां उन्हें दो ग्रेनेड, एक पिस्टल और 10 कारतूस दिए गए। बलजोत सिंह ने गुरतेज को रेकी करने और टारगेट की पहचान की जिम्मेदारी दी थी। वहीं, अमनप्रीत की भर्ती भी गुरतेज ने ही की थी।

*सरकार ने एलपीजी की बढ़ाई आपूर्ति*

## पांच किलोग्राम वाले छोटे सिलेंडरों की बिक्री हुई तेज

**नई दिल्ली (हरिभूमि न्यूज)।** सरकार ने रसोई गैस की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए पांच किलोग्राम वाले छोटे एलपीजी सिलेंडरों की बिक्री तेज कर दी है। पेट्रोलियम मंत्रालय के अनुसार, 23 मार्च से अब तक ऐसे करीब 6.6 लाख सिलेंडर बेचे जा चुके हैं। सब्सिडी वाले 14.2 किलोग्राम के घरेलू सिलेंडरों के विपरीत, पांच किलोग्राम के छोटे सिलेंडर, जिन्हें एफटीएल सिलेंडर कहा जाता है, बाजार कीमत पर मिलते हैं और इन्हें नजदीकी गैस एजेंसी से लेने के लिए पते का प्रमाण देना जरूरी नहीं होता। पेट्रोलियम मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि कल (4 अप्रैल) पांच किलोग्राम के 90,000 से अधिक एफटीएल सिलेंडर बेचे गए। 23 मार्च 2026 से अब तक करीब 6.6 लाख पांच किलोग्राम एफटीएल सिलेंडर बेचे जा चुके हैं। मंत्रालय ने कहा कि एलपीजी वितरकों के पास किसी तरह की कमी की कोई सूचना नहीं है।

**23 मार्च से अब तक 6.6 लाख सिलेंडर बिके**

*जनसंख्या बढ़ाने वाले बयान पर विवादित टिप्पणी*

## शंकराचार्य के बिगड़े बोले, भागवत शादी कर बच्चे क्यों नहीं पैदा करते

**बरेली (एजेंसी)।** शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती रविवार को एक विवादित बयान दिया। उन्होंने आरएसएस प्रमुख के 3 बच्चे पैदा करने वाले बयान से जुड़े सवाल पर कहा कि ये लोग जनसंख्या बढ़ाने की बात करते हैं। अगर संख्या बढ़नी इतनी जरूरी है तो आप शादी करके बच्चे पैदा क्यों नहीं करते। दूसरों पर बोझ क्यों लादते हो। पहले खुद करो, फिर दूसरों से कहो।' दरअसल, भागवत कई बार कह चुके हैं कि हिंदुओं के लिए तीन बच्चे पैदा करना जरूरी हैं। वहीं, विपक्ष का समर्थन करने के सवाल पर शंकराचार्य ने कहा कि सत्ता पक्ष कहता है कि हम विपक्ष के साथ हैं। मैं उनसे कहना चाहता हूं कि आप हमारी बात सुनें। गो-माता की रक्षा के लिए कानून बनाएं। हम आपके साथ खड़े हो जाएंगे। मैं पक्ष-विपक्ष किसी के साथ नहीं हूं। जो भी हमारी बात सुनेगा। उसके साथ खड़ा हो जाऊंगा। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने कहा- जब युद्ध होता है तो हमेशा दो पक्ष होते हैं, उसमें एक न्याय और दूसरा अन्याय का होता है।

**जो हमारी सुनेगा, हम उसके साथ खड़े रहेंगे**

*आज रात से एक और पश्चिमी विक्षोभ होगा सक्रिय*

## कल कई क्षेत्रों में बारिश, आंधी और ओले गिरने की आशंका

हरिभूमि टीम ▶▶| हरियाणा

प्रदेश में एक और पश्चिमी विक्षोभ सोमवार रात से सक्रिय होगा। बार-बार बदल रहे मौसम ने किसानों की चिंता को बढ़ा दिया है। मंगलवार को प्रदेश में कई इलाकों में तेज आंधी के साथ बारिश या ओलावृष्टि की संभावना है। रविवार को सुबह से आसमान साफ रहा। दोपहर बाद आंशिक बादल छाने शुरू हो गए। 0.2 डिग्री की मामूली वृद्धि के साथ 33.3 डिग्री सेल्सियस गुरुग्राम में सबसे अधिक तापमान दर्ज। वहीं, रात का तापमान 1.1 डिग्री की कमी के साथ 14.7 डिग्री सेल्सियस सोनीपत का रहा। हवा में नमी का स्तर 60 प्रतिशत से ज्यादा बना रहा। हवाओं की रफ्तार लगभग 12 किलोमीटर प्रति घंटा रही। बीते दिनों हुई बारिश और ओलावृष्टि के बाद मौसम का मिजाज ठंडा बना हुआ है। मौसम विशेषज्ञ डा. चंद्रमोहन के अनुसार 6 अप्रैल की रात को उत्तरी पर्वतीय क्षेत्रों पर एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से मौसम में एक बार फिर से बदलाव की संभावना बन रही है। 6 अप्रैल को शाम से ही बादलों की आवाजाही देखने को मिलेगी। रात को और 7-8 अप्रैल के बीच तेज गति की हवाओं या अंधड़ के साथ हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है।

**तेज गति की हवाओं या अंधड़ के साथ हल्की से मध्यम बारिश की संभावना**



*ईरान में फंसे अमेरिकी पायलट ने दुश्मन के क्षेत्र में दिखाया गजब का जज्बा*

## खड़े पर्वतों की दरारों में छिपा और 7000 फीट ऊंची पहाड़ी पर चढ़कर ईरानी सैनिकों को दिया चकमा

एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन

दुश्मन के इलाके में फंस जाएं तो क्या करना चाहिए? यह एक ऐसा सवाल है जिसका जवाब हर वायुसैनिक के पास होता है और उसे इसका पूरा प्रशिक्षण भी दिया जाता है। इतना ही नहीं दुश्मन के हाथ पड़ने पर क्या करना होता है, यह भी उसे मालूम होता है। युद्ध के बीच ईरान में फंसे घायल अमेरिकी वायुसेना के जवान ने अपनी ट्रेनिंग, भूभाग की समझ और कड़े अनुशासन के सहारे एक दिन से अधिक समय तक जीवित रहने में सफलता पाई। ईरान द्वारा उसका एफ-15ई स्ट्राइक ईगल विमान मार गिराने के बाद वह शत्रु के इलाके फंस गया था। रविवार को अमेरिकी सेना द्वारा सुरक्षित बचाए जाने के बाद मीडिया में उसके जज्बे की कहानी बाहर आई है। वह एक पहाड़ी दरार (क्रेविस) में छिपकर और लगातार स्थान बदलते हुए, अपने ठिकाने के करीब पहुंच रही ईरानी खोज टीमों से बचता रहा। एक पिस्तौल, संचार उपकरण और ट्रैकिंग बीकन जैसे सीमित संसाधनों के साथ उसने ऊबड़-खाबड़ और खड़ी पहाड़ियों वाले इलाके में रास्ता तय किया। एक समय पर वह समुद्र तल से लगभग 7,000 फीट ऊंची पहाड़ी रिज लाइन तक चढ़ गया, ताकि उसके बचने और बचाव (रेस्क्यू) की संभावना बढ़ सके

**ट्रेनिंग, भूभाग की समझ और कड़े अनुशासन से एक दिन से अधिक समय तक जीवित रहने में सफलता पाई**

### सर्वाइवल प्रोटोकॉल का पालन किया

अमेरिकी अधिकारियों ने बताया कि वायुसेना के इस जवान ने ऐसे हालात के लिए बनाए गए सर्वाइवल प्रोटोकॉल का पालन किया। पहचान से बचना, जहां संभव हो संचार बनाए रखना और ऐसे इलाके तक पहुंचना जहां छिपने और निगरानी दोनों की सुविधा दे। अकेला और घायल होने के बावजूद वह ईरानी बलों से आगे बना रहा, जो सक्रिय रूप से उसकी तलाश कर रहे थे। ईरानी अधिकारियों द्वारा उसके बारे में सूचना देने पर इनाम घोषित करने के बाद आम नागरिक भी खोज अभियान में शामिल हो गए थे।

### दुश्मन के क्षेत्र में अकेले संघर्ष

पायलट की यह कठिन परीक्षा तब शुरू हुई जब अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते संघर्ष के बीच उसका विमान मार गिराया गया। यह युद्ध शुरू होने के बाद ईरान के भीतर ऐसा पहला हादसा था। जमीन पर गिरते ही एक जटिल और उच्च जोखिम वाला बचाव अभियान शुरू कर दिया गया। अमेरिकी सेना खतरों का आकलन किया और बचाव के लिए सही मौके का इंतजार किया।

### कभी ऑफ द ग्रिड नहीं हुआ

अधिकारियों के अनुसार, वह पूरी तरह कभी ऑफ द ग्रिड नहीं हुआ, क्योंकि उसका ट्रैकिंग बीकन अमेरिकी बलों को उसकी स्थिति की जानकारी देता रहा, भले ही ईरानी बल उसके करीब पहुंचते रहे। ट्रंप ने स्थिति को बेहद गंभीर बताते हुए कहा कि अधिकारी का शिकार किया जा रहा था और हर घंटे खतरा बढ़ता जा रहा था। घायल होने के बावजूद वह गिरफ्तारी से बचता रहा।

### गोलीबारी और छल के बीच साहसी बचाव

यह बचाव अभियान हाल के अमेरिकी सैन्य इतिहास के सबसे जटिल अभियानों में से एक बताया गया है। इसमें सैकड़ों कर्मी शामिल थे, जिनमें स्पेशल ऑपरेशन फोर्स और खुफिया टीमें भी थीं। सीआईए द्वारा एक भ्रामक रणनीति (डिसेप्शन कैंपेन) अपनाई गई, ताकि ईरानी बलों को असली बचाव योजना के बारे में भ्रमित किया जा सके। अमेरिकी अधिकारियों ने स्वीकार किया कि दो स्पेशल ऑपरेशन विमान तकनीकी खराबी के कारण जमीन पर ही नष्ट कर दिए गए, ताकि वे ईरान के हाथ न लग सकें।




40 लाख जमीं

**खबर संक्षेप**

### भाजपा स्थापना दिवस के कार्यक्रम आज से

**चंडीगढ़।** भारतीय जनता पार्टी 6 अप्रैल को 47वां स्थापना दिवस प्रदेश में धूमधाम से मनाएगी। पार्टी स्थापना दिवस पर लाखों कार्यकर्ता अपने-अपने घरों और हर बूथ पर भाजपा का झंडा फहराएंगे। पार्टी का स्थापना दिवस 6 अप्रैल से सप्ताह भर तक प्रदेश में कई आयोजन होंगे। इस दौरान कार्यकर्ता अभियान चलाकर प्रदेश के गांव-गांव, घर-घर तक पहुंचेंगे। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने नेताओं की जिम्मेदारी तय की हुई है। हरियाणा में 20 हजार 629 बूथ हैं और प्रत्येक बूथ पर 6 अप्रैल को पार्टी का स्थापना दिवस मनाया जाएगा। 7 अप्रैल से 12 अप्रैल तक गांव चलो, बस्ती चलो अभियान चलेगा। सप्ताह भर कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों से संवाद करेंगे। कार्यकर्ता जनता से सीधा संवाद करते हुए मोदी और नायब सिंह सैनी सरकार की उपलब्धियों पर चर्चा करेंगें

### पंचकूला में चैरिटेबल ट्रस्ट ने लगाया भंडारा



**पंचकूला।** पुरुषोत्तम दास रूंगटा चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा पंचकूला के फेज-1 औद्योगिक क्षेत्र में जनसाधारण के लिए 210 वे अन्न भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया और सेवा कार्य में भाग लेकर पुण्य लाभ अर्जित किया।ट्रस्ट के संस्थापक एवं समाजसेवी अमिताभ रूंगटा ने बताया कि अप्रैल का महीना सामान्यतः वैशाख मास में आता है, जो सनातन धर्म में अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है। इस माह में अन्न दान करना विशेष रूप से अत्यंत पुण्यकारी माना जाता है।

### गोयल बने एबीएएस के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपप्रधान

**पंचकूला।** नगर निगम पंचकूला के पूर्व मेयर कुलभूषण गोयल को अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन (एबीएएस) का राष्ट्रीय वरिष्ठ उपप्रधान चुना गया है। इस पद के लिए कुल छह सदस्यों ने नामांकन किया था, जबकि चार पद निर्धारित थे। प्रक्रिया के दौरान दो उम्मीदवारों ने अपना नामांकन वापस ले लिया, जिसके बाद कुलभूषण गोयल निर्वाचित घोषित किए गए।उनके साथ राजेंद्र अग्रवाल, पूरणमल अग्रवाल और सत्य भूषण जैन को भी राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष चुना गया है। गोयल पिछले लगभग 40 वर्षों से समाज की विभिन्न सामाजिक कामों में सक्रिय है।

# स्थापना दिवस पार्टी की विचारधारा और राष्ट्र सेवा के संकल्प को दोहराने का अवसर

## पूर्व वित्तमंत्री कैप्टन अभिमन्यु बोले, अपने घरों पर पार्टी का झंडा लगाएं कार्यकर्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक



- भाजपा का स्थापना दिवस आज
- झंडे के साथ सेल्फी सोशल मीडिया पर सांझा कर अभियान को जनआंदोलन बनाएं
- राष्ट्र सेवा के संकल्प के साथ मनाएंगे

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के स्थापना दिवस 6 अप्रैल यानी सोमवार को लेकर पार्टी संगठन में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। इस अवसर को भव्य और जनभागीदारी से भरपूर बनाने के लिए पार्टी स्तर पर व्यापक तैयारियां की गई हैं। पूर्व वित्तमंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता कैप्टन अभिमन्यु ने सभी मंडल अध्यक्षों, बूथ अध्यक्षों, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से अपने-अपने घरों पर भाजपा का झंडा लगाने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि स्थापना दिवस केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि पार्टी की विचारधारा और राष्ट्र सेवा के संकल्प को दोहराने का महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की वे झंडा लगाने के साथ उसकी सेल्फी लें और उसे फेसबुक, इंस्टाग्राम व संगठन के आधिकारिक एप पर साझा करें, ताकि यह अभियान अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचे और एक जनआंदोलन का रूप ले सके।

### कार्यक्रम से संगठन मजबूत होगा

भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस पर इस बार एक झंडा, एक संकल्प अभियान के जरिए हर घर तक पार्टी की पहुंच बनाने की रणनीति पर जोर दिया जा रहा है। पार्टी का मानना है कि इस तरह के कार्यक्रम न केवल संगठन को मजबूती देते हैं, बल्कि कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार भी करते हैं। कैप्टन अभिमन्यु ने अपने संदेश में कहा कि आओ मिलकर लहराएं कमल का परचम, भारत माता के चरणों में हर कर्तव्य और हर प्रण अर्पित करें। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि वे राष्ट्र सेवा, जनकल्याण और विकास के मार्ग पर दृढ़ता से आगे बढ़ने का संकल्प लें और समाज के हर वर्ग तक पार्टी की नीतियों को पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि स्थानीय स्तर पर भी पार्टी संगठन पूरी तरह सक्रिय नजर आ रहा है। मंडल और बूथ स्तर के पदाधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में कार्यकर्ताओं से संपर्क कर इस अभियान को सफल बनाने में जुटे हैं। जगह-जगह बैठकें आयोजित कर कार्यक्रम की रूपरेखा तय की जा रही है और अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया जा रहा है।

### जनसंपर्क और संगठन विस्तार का बड़ा माध्यम बनाया जाए

पार्टी नेतृत्व का लक्ष्य है कि स्थापना दिवस को केवल औपचारिक कार्यक्रम तक सीमित न रखकर इसे जनसंपर्क और संगठन विस्तार का बड़ा माध्यम बनाया जाए। इसके जरिए जहां एक ओर कार्यकर्ताओं को सक्रिय किया जाएगा, वहीं दूसरी ओर आम जनता के बीच पार्टी की पकड़ को और मजबूत करने की दिशा में भी प्रयास किए जाएंगे

## मुख्यमंत्री नायब सिंह ने जींद और महम में रैलियों को संबोधित किया

# आपदा के समय में भी राजनीति कर रहा विपक्ष

### जींद : 253 करोड़ की परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद\रोहतक

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि विपक्ष के लोगों के पास कोई मुद्दा व नीति नहीं बची है। जब भी कोई आपदा आती है तो कांग्रेस के लोग राजनीति करना शुरू कर देते हैं। वैश्विक संकट में भी वो अपनी राजनीति कर रहे हैं और लोगों में भ्रम फैला कर गुमराह फैलाने का काम करते हैं। वो जनता को विश्वास दिलाना चाहते हैं कि हरियाणा प्रदेश में पेट्रोल, डीजल की कमी नही आने देंगे। जो कालाबाजारी करेगा, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री रविवार को जींद और रोहतक के महम में धन्यवाद और विकास रैली को संबोधित कर रहे थे। रैली संयोजक हरियाणा के डिप्टी स्पीकर डॉ कृष्ण कुमार मिड्ढा ने जींद पहुंचने पर मुख्यमंत्री का जोरदार स्वागत किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने 253 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास भी किया। रैली में उपस्थित भारी भीड़ को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि जींद की यह भूमि परिश्रम और प्रगति का संगम है। यह हरियाणा की वह धड़कन है।

#### जींद को ये मिला

मुख्यमंत्री ने 35 करोड़ 76 लाख 25 हजार की लागत से पब्लिक हेल्थ इंजीनियरिंग विभाग की परियोजनाओं का शिलान्यास किया। इनमें जलालपुरा कलां, इंटल कलां व इंटल खुर्द में 3 नहर आधारित परियोजनाओं का निर्माण कार्य तथा 2 मौजूदा कार्यों का विस्तार का शामिल है। इसके तहत संगतपुरा, जाजवान व ढांडा खेड़ी गांवों को कॉमन पंपिंग स्टेशन के माध्यम से पानी की आपूर्ति एवं डीआई पाइपलाइन बिछाने के कार्य होंगे।

### महम : 202.77 करोड़ के विकास कार्यों की मिली सौगातें



हरिभूमि न्यूज ▶▶ महम

रविवार को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने महम में विकास रैली को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने 202.77 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने 231.25 लाख रुपये की 2 परियोजनाओं का उद्घाटन किया। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने 118.84 करोड़ रुपये की सिंचाई विभाग की, 80 करोड़ 88 लाख 14 हजार रुपये की जनस्वास्थ्य विभाग की परियोजनाओं का शिलान्यास किया। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने गांव सुंदरपुर में 74.04 लाख रुपये की लागत से बनने वाले नए स्कूल भवन का शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री नायब सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार जनता के हर वर्ग के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है और महम में इन परियोजनाओं के माध्यम से स्थानीय लोगों को बेहतर जीवनयापन और बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। मुख्यमंत्री ने जिन परियोजनाओं का उदघाटन किया है, उनमें 155.14 लाख रुपये की लागत से महम शहर के टाउन पार्क का नवीनीकरण शामिल है।

#### महम की बदलेगी तस्वीर

76.11 लाख रुपये से महम के वार्ड-2 में सैनी सामुदायिक केंद्र का निर्माण कार्य शामिल हैं। वहीं मुख्यमंत्री ने सिंचाई व जल संसाधन विभाग द्वारा 8947 लाख रुपये की लागत से भिवानी सब-ब्रांच की रीमॉडलिंग, महम में बाढ़ नियंत्रण और सुरक्षा के लिए कई परियोजनाओं का भी शिलान्यास किया गया। उनमें 496 लाख रुपये की लागत से महम ड्रेन पर रिटेनिंग वॉल, 1238 लाख रुपये की लागत से भूमिगत पाइपलाइन भैणी सुरजन, भैणी चंद्रपाल, सैमाण में बनाए जाने, 267 लाख रुपये की लागत से भैणी मातो से जुई फीडर पाइपलाइन, 106 लाख रुपये की लागत से बहलबा लिंक ड्रेन पाइपलाइन, 237 लाख रुपये की लागत से समैण से जुई फीडर पाइपलाइन, 319 लाख रुपये की लागत से मोखरा खेड़ी आरसीसी सुरक्षा दीवार, 139 लाख रुपये की लागत से समैण सोलर सबमर्सिबल पंप, 135 लाख रुपये की लागत से फरमाणा खास से करसोल माइनर पाइपलाइन के निर्माण कार्य शामिल है।

### कुरुक्षेत्र में हरियाणा स्कूल प्रीमियर लीग का आगाज

**कुरुक्षेत्र।** पिपली रोड स्थित एक निजी होटल में हरियाणा स्कूल प्रीमियर लीग की लांचिंग हुई। पूर्व क्रिकेटर रोबिन सिंह व उत्तर प्रदेश रणजी ट्रॉफी प्लेयर केके शर्मा, जिला क्रिकेट एसोसिएशन के प्रधान दिनेश यादव, सुमित राणा, दिनेश, विकास, सुधीर ने हरियाणा स्कूल प्रीमियर लीग की लांचिंग की। पूर्व क्रिकेटर रोबिन सिंह ने कहा कि हरियाणा स्कूल प्रीमियर लीग का उद्देश्य है कि बच्चों को एक प्लेटफार्म मिले और वे अपना बेहतरीन प्रदर्शन दिखाकर आगे बढ़े। केके शर्मा ने कहा कि आज किसी भी खेल में पहले जैसा ढांचा नही रहा। आज के समय में कोई भी खिलाड़ी तब उभर कर सामने आता है जब उसके पास सारी सुविधाएं उपलब्ध हो। हरियाणा स्कूल प्रीमियर लीग ऐसे खिलाड़ियों की तलाश करेगा जो क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन कर सकता है और उसे सारी सुविधाएं मुहैया करवाएगा जो उसके खेल को ओर अधिक बेहतर बना सके ताकि वह आगे चलकर कुरुक्षेत्र का नाम रोशन कर सके। जिला क्रिकेट एसोसिएशन के प्रधान दिनेश यादव ने बताया कि क्रिकेट लीग में 20 ओवर का मैच खेला जाएगा।

## पश्चिमी यमुना लिंक नहर में दो शव दिखने से सनसनी, एक को बाहर निकाला, दूसरा बह गया

**सोनीपत।** पश्चिमी यमुना लिंक नहर में रविवार को गांव ककरोई के पास दो शव बहकर आने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। राहगीरों द्वारा मामले की सूचना पुलिस को दी गई, जिसके बाद सदर थाना पुलिस की टीम तुरंत मौके पर पहुंची। हालांकि पानी का बहाव तेज होने के कारण पुलिस केवल एक ही शव को बाहर निकालने में सफल हो पाई, जबकि दूसरा शव देखते ही देखते आंखों से ओझल होकर आगे बह गया। जानकारी के अनुसार रविवार दोपहर बाद पुलिस को सूचना मिली थी कि ककरोई हेड के पास दो शव पानी में तैर रहे हैं। मौके पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की मदद से एक शव को बाहर निकलवाकर कब्जे में ले लिया और पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल भिजवा दिया। बरामद हुआ शव करीब 35 वर्षीय युवक का है। मृतक ने शरीर पर धारीदार टी-शर्ट, मटियाले रंग की बनियान और काली कैपरी पहनी हुई है। शिनाख्त के लिए पुलिस को युवक के दाहिने हाथ पर एचके लिखा हुआ मिला है।

### पुलिस चला रही सर्च अभियान

सदर थाना पुलिस ने बताया कि दूसरे शव की तलाश के लिए नहर के किनारे और आगे के हेड पर सर्च अभियान चलाया गया है, लेकिन अभी तक उसका कोई सुराग हाथ नहीं लगा है। पुलिस आसपास के जिलों और स्थानीय थानों में दर्ज गुमशुदगी की शिकायतों के आधार पर बरामद शव की पहचान करने का प्रयास कर रही है। पुलिस का कहना है कि शिनाख्त होने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा। फिलहाल पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है। लोगों से पूछताछ की जा रही है।

# ऑनलाइन तबादला पॉलिसी पर कानूनी विवाद की छाया

■ हाईकोर्ट में बड़ी संख्या में सिविल पिटीशन दायर, कई हो चुकी खारिज

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

एक बार फिर से हरियाणा की ऑनलाइन तबादला पॉलिसी पंजाब हरियाणा हाई कोर्ट में चुनौती दे दिए जाने के कारण कानूनी पचड़ों में पड़ी हुई हैं। पूरे मामले में बड़ी संख्या में सिविल पिटीशन दायर की गई हैं, जिसमें से काफी संख्या में खारिज भी हो चुकी हैं। दरअसल, ऑनलाइन तबादला पॉलिसी को लेकर याचिका दायर करने वालों ने कई तरह के सवाल उठाए हैं। इसमें कपल केस से लेकर उम्र के ज्यादा नंबर दिए जाने के साथ ही नीति में चले आ रहे झोल की तरफ ध्यान दिलाया गया है। जिस कारण अदालत भी पूरे मामले में गंभीरता के साथ में सुनवाई कर रही है, साथ ही नीति में संशोधन कर लाने की हिदायत भी अभी से दी गई है। पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट में कुल मिलाकर सौ से ज्यादा याचिका दायर की गई थी, जिसमें से पचास का निस्तारण हो चुका है। कर्मचारियों की याचिकाओं को लेकर लगातार सुनवाई चल रही है, इस माह के अंतिम सप्ताह में फिलहाल, सुनवाई होनी है लेकिन तब तक तबादलों पर रोक लगी हुई है।

### सरकार से जवाब तलब

सरकार की मॉडल ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी को लेकर अदालत में सिविल रिट पिटीशन में नीति के तहत दिए गए प्रावधानों पर ही सवाल उठा दिए गए हैं। नीति में दोहरी नौकरी वालों को हर बार फायदा हो रहा है। इसके अलावा उम्रदराज लोगों को भी इसमें तरजीह दी गई है। अदालत में दायर याचिका में पूछ लिया गया है कि अगर कपल केस नहीं है, एक की सरकारी नौकरी और दूसरी की निजी क्षेत्र की है, तो उनका क्या कसूर है। कुल मिलकार उम्रदराज मामलों में अतिरिक्त अंक दिए जाने पर भी सवाल उठ रहे है।

### आरोप : मेरिट पॉइंट्स पारदर्शी नहीं

याचिकाओं में मुख्य तौर पर आरोप लगाया गया है कि ट्रांसफर में मार्किंग सिस्टम और मेरिट पॉइंट्स पारदर्शी नहीं हैं। कुछ वर्गों को अतिरिक्त अंक देने का प्रावधान नीति में भेदभावपूर्ण रवैये की बात दर्शाता है। हाईकोर्ट ने गंभीर मानते हुए सरकार नोटिस भेजा था। इनमें से काफी याचिकाएं खारिज और निस्तारित कर दी गई हैं। इसमें कोर्ट ने पॉलिसी को वैध मानते हुए ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी को उचित और पारदर्शी बनाने पर जोर दिया है। अदालत इस पॉलिसी के हर पहलू को चेक कर रही है। अदालत ने यह तो माना है कि प्रशासनिक आवश्यकता के अनुसार यह अहम है, लेकिन आनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी मनमानी नहीं है। प्रशासनिक जरूरतों के अनुसार ट्रांसफर तय करना सरकार के अधिकार में हैं। लेकिन नई याचिकाओं में उठे नए मुद्दों पर विस्तृत सुनवाई चल रही है।

### इलेक्ट्रिक कार में आग लगी, बाल-बाल बचा चालक



**जुलाना।** जुलाना क्षेत्र के ब्राह्मणवास गांव के पास रविवार दोपहर एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया, जब अचानक एक इलेक्ट्रिक कार में भीषण आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि देखते ही देखते पूरी कार आग की लपटों में घिर गई। हालांकि गनीमत यह रही कि चालक बाहर बैठा था जिससे उसकी जान बच गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार मदीना गांव निवासी जितेंद्र किसी निजी कार्य से ब्राह्मणवास गांव स्थित दुर्गा नर्सरी के पास आया हुआ था। उसने अपनी कार को सड़क किनारे खड़ा कर दिया। एक घंटे से जितेंद्र नर्सरी में बैठा हुआ था। इसी दौरान वहां मौजूद राहगीरों ने उसे सूचना दी कि उसकी कार से धुआं निकल रहा है। जब वह तुरंत मौके पर पहुंचा और स्थिति को समझने की कोशिश कीए तभी अचानक कार में तेज आग भड़क उठी। आग लगने की सूचना तुरंत फायर ब्रिगेड को दी गई। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया लेकिन तब तक कार पूरी तरह जलकर राख हो चुकी थी।

# विचार से विस्तार तक भाजपा की गौरवशाली यात्रा



पार्टी स्थापना दिवस विशेष

मोहन लाल बड़ौली
प्रदेश भाजपा अध्यक्ष

6 अप्रैल 1980 यह वो दिन है जब भारतीय जनता पार्टी का जन्म हुआ। यह केवल एक राजनीतिक दल की स्थापना नहीं थी, बल्कि भारतीय लोकतंत्र में एक वैचारिक विकल्प के रूप में उभरती उस शक्ति का आरंभ था, जिसने आने वाले दशकों में राजनीति की दिशा और परिभाषा दोनों को बदल दिया। भाजपा की जड़ें भारतीय जनसंघ से जुड़ी हैं, जिसकी स्थापना 1951 में डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने की थी। उस समय उन्होंने स्पष्ट कहा था कि भारत की राजनीति को राष्ट्र प्रथम के सिद्धांत पर चलना चाहिए और राष्ट्रीय एकता सर्वोपरि होनी चाहिए। आगे चलकर पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने एकात्म मानववाद का दर्शन दिया, जिसने पार्टी की वैचारिक दिशा तय की। एक ऐसी राजनीति जो अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास पहुंचाने की बात करती है। भाजपा का गठन ऐसे समय में हुआ जब देश आपातकाल के काले अध्याय और शर्मसार कर देने वाले कड़वे अनुभव से बाहर निकल रहा था। पार्टी के शुरुआती नेताओं में अटल बिहारी वाजपयी और लाल कृष्ण आडवाणी जैसे व्यक्तित्व थे, जिन्होंने स्थापना के समय यह स्पष्ट किया था कि भाजपा सत्ता नहीं, सिद्धांतों की राजनीति करेगी और लोकतंत्र को मजबूत करने में अग्रणी भूमिका निभाएगी। 1980 में पार्टी की नींव रखने के बाद 1984 में लोकसभा चुनाव भाजपा के लिए सबसे कठिन परीक्षा लेकर आया। इस चुनाव में पार्टी को कई झटके भी मिले तो कुछ राहत भी। पार्टी ने लगभग 229 सीटों पर चुनाव लड़ा, लेकिन सीटों के लिहाज से परिणाम बेहद निराशाजनक रहे। पार्टी 229 में से केवल 2 सीटों पर ही जीत सकी और पार्टी के सबसे बड़े नेता अटल बिहारी वाजपेयी भी इस चुनाव में हार गए। उस समय पार्टी के दो ही सांसद चुने गए - एक गुजरात की मेहसाना लोकसभा सीट से डॉ.एके पटेल और दूसरे आंध्र प्रदेश की हनमकोंडा लोकसभा से सी. जंगा रेड्डी। इसके बावजूद एक बहुत बड़ी राहत पार्टी को यह मिली कि इस चुनाव में भले ही पार्टी ने दो सीटें ही जीती, लेकिन वोट शेयर के मामले में दूसरी सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी। इस चुनाव में बीजेपी को करीब 7.74 प्रतिशत मत मिले और लगभग 1.8 करोड़ मतदाताओं ने वोट देकर विश्वास जताया।

उस दौर में कई राजनीतिक विश्लेषकों ने भाजपा के भविष्य पर सवाल उठाए, लेकिन पार्टी ने इसे अंत नहीं, बल्कि नई शुरुआत माना। यही वो क्षण था जिसने पार्टी को आत्म मंथन और पुनर्निर्माण के लिए प्रेरित किया। संगठन ने अपनी जड़ों को और मजबूत किया। 1990 का दशक भाजपा के लिए उभार का काल बना। राम आन्दोलन, संगठनात्मक विस्तार और जन आन्दोलन की राजनीति ने पार्टी को नई पहचान दी। इसके बाद अटल बिहारी वाजपयी के नेतृत्व में बनी सरकार ने यह दिखाया कि भाजपा केवल विपक्ष की पार्टी नहीं, बल्कि स्थिर और संवेदनशील शासन देने में सक्षम है। इसके बाद 2014 में नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा ने पूर्ण बहुमत के साथ सत्ता प्राप्त की-282 सीटें, लगभग 31 प्रतिशत वोट शेयर और 17 करोड़ से अधिक मत।2019 में यह समर्थन और बढ़ा-303 सीटें, 37.4 प्रतिशत वोट शेयर और 22 करोड़ से अधिक वोट। यह वृद्धि केवल चुनावी सफलता नहीं, बल्कि जनविश्वास के विस्तार का प्रमाण है। यहां भाजपा की सबसे बड़ी विशेषता उभरकर सामने आती है कि यह पार्टी लोकतांत्रिक मूल्यों में आस्था रखने वाली है। यह वो पार्टी है जहां एक साधारण पृष्ठ भूमि से आने वाला व्यक्ति देश का प्रधानमंत्री बन सकता है। नरेन्द्र मोदी का चाय बेचने वाले से प्रधानमंत्री तक का सफर इसी लोकतांत्रिक शक्ति का प्रतीक है। इसी प्रकार संगठन में भी शीर्ष पदों तक पहुंचने का रास्ता कार्यकर्ताओं के लिए खुला है। नितिन नबीन, जेपीनड्डा और इससे पहले अमित शाह जैसे नेता जमीनी स्तर से उठकर राष्ट्रीय अध्यक्ष बने। प्रधानमंत्री मोदी ने कई अवसरों पर कहा है कि भाजपा में कोई भी कार्यकर्ता शीर्ष तक पहुंच सकता है, क्योंकि यह अवसर और समानता का संगठन है। आज 2 सांसदों से शुरू हुई भाजपा 2014 से लगातार केंद्र की सत्ता संभाले हुए है और 2047 तक विकसित भारत के सपने के साथ आगे बढ़ रही है। भाजपा करोड़ों सदस्यों के साथ विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी के रूप में स्थापित हो चुकी है। प्रधानमंत्री इस परिवर्तन के प्रतीक हैं। वे आजादी के बाद जन्मे पहले ऐसे प्रधानमंत्री हैं, जिन्होंने भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में नया अध्याय जोड़ते हुए सबसे लंबे समय तक निर्वाचित नेता बनकर जनसेवा करने का गौरव प्राप्त किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा ने लगातार तीसरी बार गैर-कांग्रेस सरकार बनाकर भारतीय राजनीति में स्थिरता को नए आयाम दिए। भाजपा की यह यात्रा हमें यह सिखाती है कि लोकतंत्र में केवल वंशवाद नहीं, बल्कि अवसरवादिता के बजाय अवसर की समानता भी संभव है। अगर विचार मजबूत हो, संगठन सशक्त हो और नेतृत्व प्रतिबद्ध हो तो कोई भी लक्ष्य असम्भव नहीं होता है। आज जब हम 6 अप्रैल को स्थापना दिवस मना रहे हैं, यह सिर्फ एक राजनितिक दल का उत्सव नहीं, बल्कि उस विश्वास का पर्व है जो भारत के भविष्य को उज्जवल बनाने के लिए समर्पित है। यह एक आन्दोलन है जो राष्ट्र निर्माण के लिए निरंतर आगे बढ़ रहा है और उसकी सबसे बड़ी ताकत है - सबका साथ, सबका विश्वास और सबका विकास।

## डबल इंजन की डबल मार, किसान मजबूर और लाचार: दुष्यंत चौटाला

**चंडीगढ़।** पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा है कि भाजपा की डबल इंजन की सरकार की दोहरी मार के चलते आज किसान मजबूर और लाचार है। उन्होंने कहा कि सरकार किसानी और मंडी व्यवस्था को खत्म करने पर तुली हुई है। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि सरकार की अव्यवस्था के कारण आज किसानों की पक्की पकाई फसलें खेतों में खड़ी है। दुष्यंत ने कहा कि पिछले चार दिनों से प्रदेशभर की मंडियों में गेहूं की सरकारी खरीद नामात्र हुई है और उसमें भी किसानों को नई खरीद व्यवस्था के नाम पर तंग किया जा रहा है, जिसका किसान और आढ़ती खुलकर विरोध जता रहे है।चौटाला ने कहा कि खराब मौसम को देखते हुए किसान अपनी गेहूं, सरसों की फसल को निकालकर बेचना चाहता है, लेकिन मंडियों में सरकार की ओर से पुख्ता इंतजाम नहीं होने के कारण किसान परेशान हो रहा है।


प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड
विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग
टेक्नोलॉजी भवन, ब्लॉक-2, न्यू महरौली रोड,
नई दिल्ली - 110016

निविदा सूचना

WISE-IPR कार्यक्रम के अंतर्गत परीक्षा प्रसंस्करण कार्य हेतु ऑनलाइन परीक्षा (कंप्यूटर आधारित परीक्षा) के आयोजन के लिए टीडीबी की ओर से परीक्षा संबंधी प्रसंस्करण कार्य का निष्पादन करने हेतु प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड (टीडीबी), नई दिल्ली द्वारा दो-बोली प्रणाली (Two Bid System) के अंतर्गत निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं।
कार्य का दायरा, नियम एवं शर्तें तथा निविदा प्रारूप आदि सहित विस्तृत निविदा दस्तावेज देखने हेतु कृपया टीडीबी की आधिकारिक वेबसाइट www.tdb.gov.in पर अवलोकन करें। प्री-बिड बैठक का आयोजन दिनांक 13 अप्रैल, 2026 (11:00 AM) को किया जाएगा।
टीडीबी में सीलबंद निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि 27 अप्रैल, 2026, अपराह्न 3:00 बजे तक निर्धारित है।
CBC 36106/12/0001/2627 अवर सचिव, टीडीबी

THE HARYANA STATE COOPERATIVE SUPPLY AND MARKETING FEDERATION LIMITED
DISTRICT OFFICE, FATEHABAD HARYANA (INDIA) Pin-125050
TEL: 01667-297254 E.Mail: dmhfd-ftd@hafed.gov.in
PUBLIC NOTICE / TENDER NOTICE

| Sr. No. | Name of Department / Board/Corp. /Auth/ | NAME OF WORK/NOTICE/TENDER | Opening Date/ Closing Date (Time) | Amount/ EMD (Approx.) in Rupees | Website of the Department/Board /Corp. Auth. | Nodal Officer /Contact Details /Email | Tender Ref. No./ Tender No. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Hafed District Office Fatehabad | Reputed labour contractors for loading/Unloading and handling of food grains belonging to FCI in godowns for two year or dehire by FCI which is earlier and extendable for further one year at the various centers | 06/04/2026 (5:00 PM) 13/04/2026 (9:00 AM) | Rs. 750400/- | https:// etenders.hry.nic.in | 01667-297254 dmhfd-ftd @hafed.gov.in | No.Hafed/ FTB/PEG 453 Dt. 04/04/2026 |

District Manager, Hafed, Fatehabad.

खबर संक्षेप

## डारपुर जंगल से 30 क्विंटल खैर की लकड़ी बरामद, 7 पर केस

**यमुनानगर।** वन विभाग की टीम को डारपुर जंगल से 30 क्विंटल खैर की लकड़ी बरामद हुई है। जिसकी कीमत करीब ढाई लाख रुपए है। वन विभाग की टीम को आता देखकर आरोपी खैर तस्कर मौके से फरार हो गए। पुलिस ने सात खैर तस्करों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। कलसिया रेंज छछरौली के वन राजिक अधिकारी बलजीत सिंह ने छछरौली पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि तीन अप्रैल को रात आठ बजे वह क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। इस दौरान उन्हें सूचना मिली कि डारपुर जंगल से कुछ खैर तस्कर खैर की लकड़ी काट रहे हैं। वह टीम के साथ मौके पर पहुंचे। टीम को आता देखकर आरोपी खैर तस्कर मौके से फरार हो गए। जांच के दौरान जंगल से करीब 30 क्विंटल खैर की लकड़ी बरामद हुई। जिसकी कीमत करीब ढाई लाख रुपए है। जांच के दौरान आरोपी खैर तस्करों की पहचान राकिब, इरशाद, रशीद, नफल, हाशिम, इरफान व अकरम के रूप में हुई।

## हुक्का बार पर छापा मालिक गिरफ्तार

**पंचकूला।** पंचकूला स्थित एक क्लब में पुलिस ने छापेमारी कर अवैध तौर पर चलाए जा रहे हुक्का बार का खुलासा किया है। टीम ने मौके से 2 हुक्के बरामद करते हुए क्लब के मालिक को गिरफ्तार कर लिया है। पंचकूला पुलिस की सेक्टर-5 थाना की टीम ने रविवार सुबह करीब 4 बजे सेक्टर-5 थाना में सब-इंस्पेक्टर मनदीप सिंह के नेतृत्व में गुप्त सूचना के आधार पर मैकेबी क्लब में छापा मारा। यहां अवैध निकोटिन युक्त हुक्का दिया जा रहा था। पुलिस टीम ने क्लब मालिक शुभम गुप्ता निवासी नारायणगढ़ को मौके से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने मौके से दो हुक्के बरामद किए। बरामद हुक्कों से निकोटिन के सैंपल लिए गए हैं, जिन्हें जांच के लिए फॉरेंसिक लैब भेजा जाएगा।

## ट्रेन से कटकर किशोर की मौत, दोस्तों पर शक

**कुरुक्षेत्र।** शाहबाद रेलवे स्टेशन के पास चलती ट्रेन से गिरकर 17 साल के किशोर की कटकर मौत हो गई। परिवार ने पुलिस को एक ऑडियो सौंपकर दोस्तों पर धक्का देने का शक जताया है। मृतक की पहचान गौरव निवासी पलवल गांव के रूप में हुई। गौरव 11वीं क्लास में फेल हो गया था। गौरव को उसके दोस्त अपने साथ हरिद्वार लेकर गए थे। 24 मार्च को गौरव का जन्मदिन था। इसलिए उसके दोस्त एक दिन पहले ही उसे अपने साथ लेकर चले गए थे। मोहन बहादुर ने बताया कि वह ड्राइवरी का काम करता है। हरिद्वार से आने के बाद उसका बेटा गौरव 30 मार्च को अंबाला आ गया था। उसके 5-6 दोस्त भी उसके साथ ही थे। वे अंबाला से वापस अपने घर लौट रहे थे। फोन पर गौरव ने मां को कहा था कि वह 10 मिनट में आ जाएगा, मामा को स्टेशन भेज दो। लेकिन इसके बाद उसकी मौत की खबर आई। घटना के बाद उसका कोई दोस्त वापस तक नहीं आया।

### ये सांप-सीढ़ी का खेल नहीं... करनाल में बिना ट्रेनिंग सांप पकड़ना पड़ा भारी

# कोबरे को गले में डाला, जहर से 'जहरीले' की मौत

संडीर गांव में श्मशान घाट में निकला था सांप, राजेंद्र ने पकड़कर गले में डाला, दिखा रहा था करतब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

जिले के संडीर गांव में जहरीले कोबरा सांप से खेलना 'जहरीले' को भारी पड़ गया। सांप को पकड़ने के बाद उसे गले में डाला तो काटने से युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान 35 वर्षीय राजेंद्र के रूप में हुई है, जो गांव में अपने भाई, भाभी और भतीजों के साथ रहता था और मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करता था। उसे सांप पकड़ने का शौक था, लेकिन उसने कहीं से ट्रेनिंग नहीं ली थी।

रविवार को गांव के श्मशान घाट में निर्माण कार्य चल रहा था। इसी दौरान वहां काम कर रहे मजदूरों ने सरपंच को सांप दिखाई देने की सूचना दी। सरपंच ने सभी को सावधानी बरतने की हिदायत दी और एक व्यक्ति को निगरानी के लिए वहां भेज दिया। सरपंच ने सांप को पकड़ने के लिए स्नेकमैन सतीश फफड़ाना को



**करनाल।** राजेंद्र अक्सर सांपों को पकड़कर खेलता था। -फाइल फोटो

सूचना दी, लेकिन उसके पहुंचने से पहले ही राजेंद्र को सांप निकलने की खबर मिल गई। वह तुरंत मौके पर पहुंच गया और सांप को पकड़ लिया। वहां मौजूद लोगों ने उसे रोकने की कोशिश भी की, लेकिन उसने किसी की नहीं सुनी।

ग्रामीणों के अनुसार, राजेंद्र ने सांप को उठाकर अपने गले में डाल लिया और उससे खेलने लगा। इसी दौरान सांप ने उसे डंस लिया। डंसने के बाद उसने सांप को वहीं छोड़ दिया और घर की ओर चल पड़ा, लेकिन कुछ दूरी पर ही उसकी हालत बिगड़ गई और वह जमीन पर गिर पड़ा। परिजन उसे तुरंत घर ले गए, जहां कुछ ही देर में उसकी मौत हो गई। बाद में मौके पर पहुंचे स्नेकमैन ने सांप को पकड़ लिया।

### गांव में 'जहरीला' नाम से था मशहूर

ग्रामीणों के मुताबिक, राजेंद्र को सांप पकड़ने का शौक था। गांव में लोग उसे 'जहरीला' नाम से जानते थे। वह अक्सर सांप पकड़कर उनके साथ खेलता था और कई बार सांप की पूंछ में रस्सी बांधकर घुमाता भी था। इस बात का कई बार ग्रामीण विरोध भी कर चुके थे, लेकिन वह किसी की बात नहीं सुनता था। आखिर में उसे जान देकर इसका खामियाजा भुगतना पड़ा।

## घर में खेलते हुए लोहे की चारपाई 14 माह के बच्चे के ऊपर गिरी, मौत

**फरीदाबाद।** कैली गांव में एक दर्दनाक हादसे में 14 महीने के बच्चे की मौत हो गई। बच्चा जब घर के आंगन में खेल रहा था तभी पास में रखी लोहे की चारपाई उसकी छाती के ऊपर गिर गई। बीके अस्पताल में ले जाने के बाद डॉक्टरों ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने बताया कि बच्चे का नाम रियांश था। उसके पिता रणवीर एक निजी फैक्ट्री में काम करते हैं, जबकि मां रितु गृहिणी है। रविवार दोपहर करीब 12 बजे रितु घर के काम में लगी हुई थी और पिता फैक्ट्री में गए थे। तभी खेलते हुए यह हादसा हुआ। चारपाई में लगा लोहे का पाइप बच्चे की छाती के ऊपर आकर गिरा, जिससे बच्चा बेहोश हो गया। परिजन आनन-फानन में बच्चे को अस्पताल लेकर कर गए। निजी अस्पताल ने बच्चे की गंभीर हालत को देखते हुए उसको बीके अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। बीके अस्पताल में पहुंचने पर डॉक्टरों ने उसको मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### जुलाना के आढ़तियों व किसानों की हड़ताल तीसरे दिन हुई स्थगित

# सीएम की आढ़तियों को दो टूक, वापस नहीं होंगे नए नियम, दूसरे प्रदेशों की फसल रोकने को बनाए

- सीएम ने आढ़तियों को दिया आश्वासन, किसान की फसल का एक-एक दाना खरीदा जाएगा
- मंडी में आने वाले ट्रैक्टरों पर नंबर प्लेट अनिवार्य करना और बायोमेट्रिक प्रणाली लागू करने का किया जा रहा था विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुलाना



**जुलाना।** सीएम को मंडी संबंधी समस्याएं बताते आढ़ती व किसान।

जुलाना कस्बे की नई अनाज मंडी में आढ़तियों और किसानों द्वारा सरकार के नए नियमों के विरोध में शुरू की गई अनिश्चितकालीन हड़ताल तीसरे दिन स्थगित की गई। तीन दिन से चल रही हड़ताल के चलते मंडी में कामकाज पूरी तरह प्रभावित रहा। आढ़तियों के साथ-साथ बड़ी संख्या में किसानों ने भी धरने में भाग लेकर सरकार के खिलाफ अपना रोष जताया। धरने की अध्यक्षता आढ़ती एसोसिएशन के प्रधान पवन लाठर ने की। इस दौरान आढ़तियों और किसानों ने सरकार द्वारा लागू किए गए नए नियमों को किसान विरोधी बताते हुए उन्हें तुरंत वापस लेने की मांग उठाई। इसी बीच प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सैनी जींद से महम की ओर जा रहे थे तो किसानों और आढ़तियों का एक प्रतिनिधिमंडल उनसे मिला और अपनी समस्याओं से अवगत कराया। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री के सामने बायोमेट्रिक प्रणाली लागू करने और ट्रैक्टरों पर नंबर प्लेट अनिवार्य करने के फैसले का कड़ा विरोध जताया। आढ़ती एसोसिएशन के प्रधान पवन लाठर ने कहा कि ट्रैक्टरों पर नंबर प्लेट अनिवार्य करना और बायोमेट्रिक प्रणाली लागू करना पूरी तरह अव्यवहारिक है। इससे किसानों को अनावश्यक परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। मुख्यमंत्री से बातचीत के दौरान किसानों और आढ़तियों ने इन नियमों को वापस लेने की मांग की, लेकिन मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि ये नियम दूसरे राज्यों से आने वाली फसलों को रोकने के उद्देश्य से बनाए गए हैं और इन्हें वापस नहीं लिया जाएगा। उन्होंने आश्वासन दिया कि मंडी में किसानों और आढ़तियों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं आने दी जाएगी तथा किसानों की फसल का एक-एक दाना खरीदा जाएगा। किसानों ने बायोमेट्रिक प्रणाली पर विशेष रूप से आपत्ति जताते हुए इसे रोकने की मांग दोहराई लेकिन मुख्यमंत्री ने कहा कि लागू किए गए नियम जारी रहेंगे और सरकार किसानों के हितों की पूरी तरह रक्षा करेगी। उधर, धरने पर मुख्यमंत्री से मिलने के बाद आढ़तियों और किसानों की चर्चा चलती रही। आढ़ती एसोसिएशन के प्रधान पवन लाठर ने कहा कि मुख्यमंत्री से मिले आश्वासन के बाद आढ़तियों और किसानों ने सर्वसम्मति से धरने को स्थगित कर दिया है। मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया है कि मंडी में कोई भी समस्या नहीं आने दी जाएगी अगर कोई समस्या पैदा होती है तो फिर से धरना शुरू किया जाएगा।

### किसानों की मांगें पूरी नहीं हुईं तो आंदोलन होगा तेज : टिकैत



**सीवन।** भारतीय किसान यूनियन के प्रमुख नेता राकेश टिकैत रविवार को गांव गोबिंदपुरा पहुंचे, जहां उन्होंने गज्जन सिंह गोबिंदपुरा के निवास पर कार्यकर्ताओं व किसानों से मुलाकात की। इस दौरान पूर्व सरपंच एसोसिएशन के जिला प्रधान गज्जन सिंह गोबिंदपुरा, पूर्व सरपंच अमर सिंह, भजन सिंह, गुरमीत सिंह, रिछपाल सिंह, जसकरण सिंह सहित अन्य ने स्वागत किया। किसानों ने समस्याएं बताईं तो टिकैत ने कहा कि भाकियू हर मुद्दे पर उनके साथ मजबूती से खड़ी है। किसानों की जायज मांगों को लंबे समय से नजरअंदाज किया जा रहा है, जो किसी भी सूरत में स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि यदि सरकार ने जल्द ही किसानों की मांगों को नहीं माना, तो भारतीय किसान यूनियन देशभर में आंदोलन को और तेज करने के लिए मजबूर होगी।

### भाकियू आज करेगी प्रदर्शन

**कैथल।** भारतीय किसान यूनियन ने सोमवार को कैथल की अनाज मंडी स्थित मार्केट कमेटी कार्यालय में प्रदर्शन करने का ऐलान किया है। किसान नेता सतपाल दिल्लोंवाली ने कहा कि केंद्र व सरकार ने 1 अप्रैल से गेहूं खरीद शुरू करने की घोषणा की थी लेकिन किसान की मांग अनुसार गेहूं की फसल नहीं खरीदी गई। सरकार ने नई नीतियों के तहत ऐसी शर्तें लगा दी हैं, जिनसे किसानों के लिए फसल बेचना मुश्किल हो गया है।

### फरीदाबाद नगर निगम में घोटाला

# सात करोड़ के फर्जीवाड़े में निगम इंस्पेक्टर गिरफ्तार

- 40 लाख रुपये के आठ वर्क ऑर्डर को बढ़ाकर किया था सात करोड़ रुपये

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

एंटी करप्शन ब्यूरो ने 2025 में दर्ज किए गए 7 करोड़ रुपये के फर्जीवाड़े में नगर निगम के इंस्पेक्टर नवीन रतरा को गिरफ्तार किया है। यह मामला निगम में बिना काम के 200 करोड़ रुपये के भुगतान से जुड़ा हुआ है। इस गिरफ्तारी के बाद से नगर निगम में हड़कंप मच गया है और अन्य कर्मचारियों की भी गिरफ्तारी हो सकती है।

एसीबी के अनुसार, फरीदाबाद नगर निगम की ओर से 2018 में 8 वर्क ऑर्डर निकाले गए थे, जो 40 लाख रुपये के थे। बाद में ठेकेदार सतबीर के साथ मिलीभगत करके अधिकारियों और कर्मचारियों ने इन वर्क ऑर्डर में बदलाव कर दिया। इन्होंने वर्क ऑर्डर की राशि को रिवाइज कर 40 लाख रुपये से बढ़ाकर 7 करोड़ रुपये से ज्यादा कर दिया था। जिसके बाद अगस्त 2025 में मामले को लेकर एसीबी की ओर से केस दर्ज किया।

केस दर्ज होने के बाद तत्कालीन क्लर्क व मौजूदा इंस्पेक्ट नवीन रतरा समेत अन्य आरोपियों ने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। इन्हें कोर्ट से राहत नहीं मिली। इसके बाद एसीबी की टीम ने नवीन रतरा को गिरफ्तार कर लिया।

### ऐसे बढ़ी थी राशि

एसीबी की ओर से दावा किया गया है कि आरोपी कई अन्य मामलों में भी शामिल है। उसका नाम पांच एफआईआर में दर्ज है। ये पांच एफआईआर साल 2022, 2023 व 2025 में दर्ज की गई हैं। आरोपों के तहत, तहत वार्ड नंबर-38 में इंटरलॉकिंग टाइल्स लगाने का कार्य जो 4.92 लाख से होना था, इसकी राशि बढ़ाकर 93,82,362 रुपये की गई। वहीं, मोहना रोड पर यादव डेयरी से साईं अस्पताल तक वार्ड नंबर-36 में इंटरलॉकिंग टाइल लगनी थी। इसके 5.83 लाख रुपये के वर्क ऑर्डर को बढ़ाकर 98,95,837 रुपये किया गया।

### जल्द हो सकती हैं दूसरी गिरफ्तारियां

एसीबी के अधिकारियों ने बताया कि नवीन रतरा की गिरफ्तारी के बाद इस केस में शामिल दूसरे आरोपियों की गिरफ्तारी जल्द हो सकती है। बिना काम भुगतान मामले में नगर निगम में करीब 200 करोड़ रुपये का घोटाला सामने आया था। इसमें एंटी करप्शन ब्यूरो ने कई एफआईआर दर्ज की थी। दूसरे मामलों में जांच जारी है।

## वेटरों की गाड़ी पेड़ से भिड़ी दो की मौत, दो गंभीर

**फतेहाबाद।** शहर के भूना रोड पर गांव जांडली कलां के समीप एक चलती ईको गाड़ी का टायर अचानक फट गया, जिससे अनियंत्रित होकर गाड़ी सड़क किनारे लगे एक पेड़ से जा टकराई। हादसे में दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य की हालत बेहद गंभीर बनी हुई है। गाड़ी में कुल 10 लोग सवार थे, जिनमें से अन्य 6 को भी चोटें आई हैं। सभी युवक वेटर का काम करते थे और पंजाब के गुलाडी से काम के सिलसिले में फतेहाबाद की ओर आ रहे थे। इस हादसे में 33 वर्षीय जग्गा पुत्र अमरीक सिंह, निवासी गांव रहनखेड़ी तथा 20 वर्षीय आर्यन निवा गांव गुलाडी, जिला संगरूर की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में 20 साल का राहुल और साहिल निवासी गुलाडी को गंभीर चोटें आई हैं। उन्हें अग्रोहा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है। हादसे के वक्त वहां से गुजर रही ट्रैफिक पुलिस की टीम ने युवकों को बाहर निकाला।

# 2 जेठानियों को पेट्रोल डालकर जलाया, एक की मौत

- दोनों जेठानियों के आपसी प्रेम से चिढ़ती थी देवरानी, पति की बाइक से थोड़ा-थोड़ा पेट्रोल चुराकर इकट्ठा किया और दोनों पर डालकर जलाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

एक देवरानी रंजिश व जलन के चलते इतनी खौफनाक हो गई कि उसने अपने दो जेठानियों के ऊपर पेट्रोल डालकर उन्हें जला दिया। इसमें एक महिला ने जयपुर के एक अस्पताल में दम तोड़ दिया। वहीं, दूसरी महिला भी 60 प्रतिशत तक झुलसी हुई है। जलने वाली जेठानी आपस में सगी बहनें हैं। पीड़ित महिला ने आरोप लगाया कि देवरानी इस बात से चिढ़ती थी कि हम दोनों बहनों के अच्छे संबंध हैं। इसी रंजिश में वह कई सप्ताह से अपने पति की बाइक से थोड़ा-थोड़ा पेट्रोल चुराकर जमा कर रही थी। उसने उसी पेट्रोल से दोनों को जला दिया। पुलिस ने आरोपी देवरानी को गिरफ्तार कर लिया है और उसे दो दिन के रिमांड पर लिया गया है।

डबुआ कॉलोनी निवासी मीना (47) ने बताया कि पति देवेंद्र पाल चार भाई हैं। सबसे बड़े उनके पति देवेंद्र पाल हैं, उनके बाद देवेश, फिर गजपाल सिंह और सबसे छोटे वेदबीर हैं। छोटी बहन सीमा (46) की शादी देवर देवेश के साथ हुई थी। दोनों बहनें अपने-अपने परिवार के साथ एक ही



सीमा



मीना

मकान में ऊपर-नीचे रहती थीं। मीना के दो बच्चे हैं, जबकि सीमा के तीन बच्चे हैं। मीना ने आरोप लगाया कि वेदबीर (40) की पत्नी पिंकी (38) दोनों बहनों से रंजिश रखती थी। वह कई दिनों से अपने पति की बाइक से थोड़ा-थोड़ा पेट्रोल निकालकर जमा कर रही थी। आरोप है कि पिंकी एक बैग लेकर मीना और सीमा के घर पहुंची। दोनों बहनों ने उसके लिए चाय और खाना भी बनाया। शाम करीब 5 बजे जब दोनों बहनें घर की छत पर खड़ी होकर बातचीत कर रही थीं, तभी पिंकी वहां पहुंची और दोनों पर बाल्टी में डला पेट्रोल फेंक दिया। इसके बाद उसने माचिस से आग लगा दी। किसी तरह आसपास के लोगों ने आग बुझाई व उन्हें जयपुर के अस्पताल में भर्ती करवाया। इलाज के दौरान सीमा की मौत हो गई।

## नशे पर लगाम लगाने का दावा कर 500 झुग्गियां तोड़ीं

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम क्राइम ब्रांच की तीन टीमों ने तीन जगह कार्रवाई कर सरकारी जमीन पर बनी करीब 500 झुग्गियों को गिरवा दिया। बताया जा रहा है कि इन झुग्गियों में कई परिवार नशे के कारोबार में लिप्त थे। पुलिस ने ड्यूटी मजिस्ट्रेट आरएस बाठ के साथ सेक्टर-44 के कन्हई, जज एन्क्लेव के पीछे स्थित वजीराबाद और झाड़सा में कार्रवाई को अंजाम दिया। पुलिस ने इन इलाकों में बनी 500 से ज्यादा अवैध झुग्गियों को ध्वस्त कर दिया। यहां पर नशा कारोबार के आरोपी जगत, रंगदारी के आरोपी मदन और एक अन्य व्यक्ति द्वारा बनाई गई झुग्गियों पर कार्रवाई की गई। आरोपी जगत बंधु उर्फ जगत पर करीब 8 आपराधिक केस दर्ज हैं।



पहल

### महेंद्रगढ़ जिले में वन विभाग ने हरियाली बढ़ाने के साथ ही औषधीय पौधों को भारी संख्या में लगाया

पहाड़ों के साथ-साथ पंचायती जमीन पर पौधरोपण बढ़ाया

# हार्ट और शुगर मरीजों के लिए रामबाण बनेंगे 40 हजार पौधे, 1 लाख खैरी के पेड़ों से निकालेंगे गोंद

- वन विभाग के दिशा-निर्देश के अनुसार पंचायत उठा सकेगी औषधीय पौधों का फायदा
- खैरी, कचनार, नीम, गूगल, पीपल, गुलजार, जाली, टोटलस समेत 18 किस्म के पौधे लगाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नांगल चौधरी



### इन गांवों में खैरी के पौधे तैयार

विभागीय जानकारी के मुताबिक, आंतरी, नायन, कालबा, दौंखेरा, सैदअलीपुर, पाचनोता, बेरूंडला, बिगोपुर, बायल, दताल समेत विभिन्न गांवों के पहाड़ों पर खैरी के पौधे लगाए गए हैं। करीब दो साल तक सिंचाई तथा देखरेख करने पर पौधे बड़े हो गए, जिनसे उत्पादन लेना संभव है। इंसुलिन, कचनार के पौधों से औषधि प्राप्त होगी और ग्रामीणों को विभिन्न बीमारियों का उपचार करने में मदद मिलेगी।

### आयुर्वेदिक दवाइयों को मिलेगा बढ़ावा

वन विभाग के रेंज अधिकारी रजनीश यादव ने बताया कि नांगल चौधरी क्षेत्र के पहाड़ों पर करीब एक लाख खैरी के पौधे खड़े हैं। जिनसे गौंद का उत्पादन लिया जा सकता है, लेकिन इसके लिए पौधे पर कट लगाना पड़ेगा। कट से लारवा निकलेगा, जिसको सुखाने पर गोंद तैयार होगा। उन्होंने बताया कि खैरी का गोंद शुद्ध होने के साथ विटामीन और कैल्शियम से भरपूर होता है, जो पाचन तंत्र को मजबूत करने के साथ हड्डियों को मजबूत करेगा। वहीं, बरसाती सीजन शुरू होते ही विभाग ने पंचायती जमीन पर पौधरोपण अभियान शुरू कर दिया है। सरकार के निर्देशानुसार वन विभाग ने स्कूल, पौधगिरी, जलशक्ति स्कीम के अंतर्गत 40 हजार पौधे निःशुल्क बांटने का लक्ष्य निर्धारित किया है। विभिन्न गांवों में 10 हजार पौधे बांटे जा चुके हैं, 31 जुलाई तक टारगेट को अचीव करने की योजना है।

वन विभाग हरियाली बढ़ाने के साथ ही लोगों की सेहत का भी ध्यान रख रहा है। वन विभाग ने क्षेत्र के कई गांवों के आसपास पहाड़ों पर खैरी के करीब एक लाख पौधे तैयार किए हैं। इन पौधों से शुद्ध गोंद लिया जा सकता है, जो विटामिन और कैल्शियम से भरपूर होता है। अधिकांश पौधे उत्पादन की स्थिति में हो गए हैं, जिनसे विभाग की मदद से गोंद प्राप्त कर सकते हैं।

इसके अलावा पंचायती जमीन पर कचनार, नीम व गूगल का पौधरोपण किया है। जिससे ग्रामीणों को हार्ट, शुगर की दवा तथा पूजा पाठ की सामग्री मिलेगी। दूसरी तरफ प्रकृति की सुंदरता और पर्यावरण में शुद्धता आएगी। ग्रामीणों की सुविधा के लिए वन विभाग ने बीते साल पहाड़ों पर खैरी के पौधे लगाए थे। निरंतरता पूर्वक सिंचाई और देखरेख करने पर अधिकांश पौधे बड़े हो गए हैं। जिनसे गोंद का उत्पादन लेना संभव है, लेकिन यह प्रक्रिया विभाग की निगरानी में करना अनिवार्य है। अबकी बार नांगल चौधरी रेंज में 40 हजार बड़े पौधे तैयार किए गए हैं, जिनमें कचनार, नीम, गूगल, पीपल, गुलजार, जाली, टोटलस समेत 18 किस्म के पौधे शामिल हैं। कचनार, गूगल, इंसुलिन के पौधों से हार्ट, शुगर, लीवर तथा धार्मिक अनुष्ठानों में इस्तेमाल होने वाली सामग्री का उत्पादन हो सकेगा। इसके अलावा 20 हजार पौधों का रिप्लेसमेंट में इस्तेमाल किया गया है। वन विभाग के मुताबिक, विस्तारीकरण के बाद सड़कों के किनारे पौधरोपण की अधिक गुंजाइश नहीं। पंचायती, अरावली रकबे को चिन्हित करके विभाग ने पौधरोपण करना आरंभ किया है। अबकी बार पहाड़ों को पौधरोपण के मिशन में शामिल नहीं किया, निजी मलकियत व पंचायती जमीन पर हरियाली बढ़ाने की योजना है। जिससे गांवों की सुंदरता और पर्यावरण की स्वच्छता बढ़ेगी।

## दो नकाबपोश बाइक सवारों ने मोबाइल शॉप पर दागीं गोलियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुहला चीका

चीका शहर में शनिवार शाम लगभग 6 बजे चानना अस्पताल रोड पर एक मोबाइल शाप पर बाइक सवार दो नकाबपोश युवकों ने 3 से 4 राउंड फायर कर दहशत फैला दी। घटना के समय दुकान के अंदर कोई नहीं था। फायरिंग के बाद दुकान के शीशे में दो खोल नजर आए, जबकि एक गोली का खोल दुकान के बाहर पड़ा मिला।

डीएसपी गुहला कुलदीप बैनीवाल, चीका थाना से सब इंस्पेक्टर संदीप कुमार व सीआईए की दो टीमें मौके पर पहुंची और दुकान मालिक अमन के पिता सतीश कुमार व वर्कर रमन शर्मा से घटना के बारे में जानकारी ली। कैमरों की जांच में दिखा कि बाइक सवार दो नकाबपोश युवकों ने दुकान पर गोलियां दागी हैं। एसपी मनप्रीत सिंह सूदन ने पुलिस की 5 टीमों का गठन कर दिया है। इसमें दोनों सीआईए, एसडीयू, चीका थाना और साइबर सेल को लगाया है।



**गुहला चीका।** दुकान पर फायरिंग करते नकाबपोश।

### दुकान मालिक की 26 अप्रैल को होनी है शादी

चीका निवासी सतीश कुमार ने बताया कि उसका बेटा अमन पिछले दो सालों से यहां पर मोबाइल की दुकान चला रहा है। सतीश ने बताया कि अमन की 26 अप्रैल को शादी होनी है। शादी की तैयारी के लिए अमन आज खरीदारी करने शहर से बाहर गया हुआ था। इस लिए आज दुकान पर वर्कर रमन बैठा था। घटना के समय वर्कर रमन भी शौच के लिए दुकान से बाहर गया हुआ था। उनकी किसी से रंजिश नहीं है।

## खबर संक्षेप

### पूंजीकरण में सबसे ज्यादा नुकसान में एयरटेल रही

**नई दिल्ली।** कम कारोबारी सत्रों वाले बीते सप्ताह में सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से छह के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में सामूहिक रूप से 64,734.46 करोड़ रुपये की गिरावट आई। सबसे ज्यादा नुकसान में भारती एयरटेल रही। पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 263.67 अंक या 0.35 प्रतिशत नीचे आया। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 106.5 अंक या 0.46 प्रतिशत के नुकसान में रहा। यह लगातार छठा सप्ताह है जबकि बाजार नुकसान में रहा है।

### एपीएसईजेड का एक अरब टन मालवहन का लक्ष्य

**नई दिल्ली।** अरबपति गौतम अदाणी ने कहा कि उनके समूह की बंदरगाह इकाई एपीएसईजेड ने वर्ष 2030 तक एक अरब टन माल की ढुलाई का लक्ष्य तय किया है। अदाणी का यह बयान अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन (एपीएसईजेड) के 50 करोड़ टन माल ढुलाई की उपलब्धि के बाद आया है। इस अवसर पर अदाणी समूह के चेयरमैन अदाणी ने कहा कि समूह का बंदरगाह नेटवर्क अब भारत और विदेशों में 20 बंदरगाहों के एकीकृत सिस्टम के रूप में विकसित हो चुका है।

### डाबर को मार्च में राजस्व में मध्यम वृद्धि की उम्मीद

**नई दिल्ली।** दैनिक उपभोग के सामान बनाने वाली घरेलू कंपनी डाबर को हाल ही में समाप्त मार्च तिमाही में अपनी एकीकृत आय में मध्यम स्तर की वृद्धि होने की उम्मीद है। इसके साथ ही कंपनी ने कहा कि घरेलू बाजार में सुधार और अंतरराष्ट्रीय व्यापार में अच्छी बढ़त से उसे समर्थन मिलेगा। कंपनी ने 31 मार्च, 2026 को समाप्त हुई तिमाही के वित्तीय अनुमानों की जानकारी देते हुए कहा कि घरेलू बाजार में मांग लौटने से भारतीय कारोबार में लगातार सुधार हो रहा है।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## राशिफल

**मेष** — शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। आय वृद्धि के साधन विकसित होंगे।

**वृष** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**मिथुन** — अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ रहेगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**कर्क** — आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। परिवार का साथ मिलेगा। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। खानपान के प्रति सचेत रहें। मन में निराशा एवं असंतोष के भाव रहेंगे।

**सिंह** — शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय के साधन बन सकते हैं। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

**कन्या** — क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। मन में निराशा एवं असन्तोष के भाव रहेंगे। स्वभाव में चिड़चिड़ापन हो सकता है। व्यर्थ के ववादों से बचने का प्रयास करें।

**तुला** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**वृश्चिक** — घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

**धनु** — पिता का साथ रहेगा। सेहत का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आएंगे। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**मकर** — परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। स्थान परिवर्तन सम्भव है। लंबे समय से रुके हुए काम बनने की उम्मीद है।

**कुंभ** — परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। वाहन के रख-रखाव एवं वस्त्रों पर खर्च बढ़ सकते हैं। शिक्षा में सुधार होगा। आत्मविश्वास में कमी आएगी।

**मीन** — वस्त्र उपहार में मिल सकते हैं। मित्र के सहयोग से आय वृद्धि के स्रोत विकसित हो सकते हैं। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। परिवार में अशांति रहेगी।

# सरकार सोने की खरीदारी को लेकर नियम बदलने जा रही, होंगे पहले से और सख्त

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

सरकार सोने की खरीदारी से जुड़े नियमों को और सख्त करने वाली है। इसके तहत, देश में सोने की टैगिंग से जुड़े और भी सख्त नियम लागू करने की तैयारी चल रही है ताकि हॉलमार्किंग के गलत इस्तेमाल को लेकर बढ़ती चिंताओं को दूर किया जा सके। साथ ही सोने की शुद्धता और प्रामाणिकता भी सुनिश्चित हो। इन्हीं नियमों के तहत, सरकार ने सोने के हर आइटम के लिए एचयूआईडी कोड के इस्तेमाल को अनिवार्य कर दिया है। ग्राहकों को सलाह दी गई है कि वे केवल वही ज्वेलरी खरीदे, जिन पर 6- अंकों का हॉलमार्क यूनिक आईडेंटिफिकेशन (एचयूआईडी) कोड हो। इसे 'बीआईएस केयर' ऐप के जरिए वेरिफाई भी किया जा सकता है। इससे नकली सामानों पर रोक लगाने में मदद मिलेगी।

## हॉलमार्किंग के गलत इस्तेमाल को लेकर बढ़ती चिंताओं को किया जाएगा दूर

### हॉलमार्किंग क्यों है जरूरी?

हॉलमार्किंग एक सर्टिफिकेशन प्रॉसेस है, जो सोने के गहनों की शुद्धता की पुष्टि करती है। भारत में, इसे भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) द्वारा रेगुलेट किया जाता है, जो यह सुनिश्चित करता है कि सोना निर्धारित गुणवत्ता मानकों को पूरा करता हो। सही हॉलमार्किंग खरीदारों को सोच-समझकर फैसले लेने में मदद करती है और बुलियन तथा आभूषण क्षेत्र में होने वाली धोखाधड़ी से बचाती है।



### अनियमितता के कई मामले सामने आए

सोने का हॉलमार्क होना अनिवार्य है। हालांकि, बावजूद इस नियम के दुरुपयोग और अनियमितताओं के कई मामले सामने आए हैं। कुछ ज्वेलर्स कम कैरेट वाला सोना बेचते हुए या बीआईएस चिह्नों का दुरुपयोग करते हुए पाए गए हैं, जिससे उपभोक्ताओं को नुकसान हो रहा है। इसके चलते अब सिस्टम को और मजबूत बनाने की जरूरत आन पड़ी है, जिससे सप्लाई चेन के हर एक चरण पर जवाबदेही सुनिश्चित करना होगा।

### यूनिक आईडी का दोबारा नहीं हो सकेगा इस्तेमाल

सरकार के नए नियमों के अनुसार, अब सोने के गहनों पर मौजूद हॉलमार्क यूनिक आईडेंटिफिकेशन (एचयूआईडी) नंबर का दोबारा इस्तेमाल नहीं हो सकेगा। यानी कि अगूंठी, सोने की चेन या हार के लिए इस्तेमाल कर लिया गया यूनिक 6-अंकों का अल्फान्यूमेरिक कोड (ए2बी1सी4) का इस्तेमाल अब दोबारा किसी और गहने के लिए नहीं किया जा सकेगा।

वित्त वर्ष 2026-27 के लिए पहले अनुमान 6.8 फीसदी था


# पश्चिम एशिया संकट के बीच मूडीज ने भारत की वृद्धि दर घटाकर की छह प्रतिशत

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

मूडीज रेटिंग्स ने चालू वित्त वर्ष 2026-27 के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि दर के अनुमान को 6.8 प्रतिशत से घटाकर छह प्रतिशत कर दिया है।

■ वृद्धि दर घटने से महंगाई का जोखिम बढ़ेगा

रेटिंग एजेंसी ने कहा है कि पश्चिम एशिया संघर्ष के कारण भारत की वृद्धि की रफ्तार घटेगी और इससे महंगाई का जोखिम भी बढ़ेगा। भारत पर अपनी साख परिदृश्य रिपोर्ट में मूडीज ने कहा कि लंबे समय तक व्यवधान से आने में दिनों में परिवारों के लिए खासकर रसोई गैस (एलपीजी) की कमी हो जाएगी। इसके अलावा ईंधन और परिवहन की लागत बढ़ेगी। ऐसे में जबकि भारत उर्वरकों के लिए आयात पर निर्भर है इसका प्रभाव खाद्य मुद्रास्फीति तक फैलेगा।



### एलपीजी का 90 फीसदी आयात से होता है पूरा

यह क्षेत्र भारत के कच्चे तेल के आयात का लगभग 55 प्रतिशत और तरलीकृत पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) का लगभग 90 प्रतिशत से ज्यादा पूरा करता है। मूडीज ने कहा, हालांकि, महंगाई अभी नियंत्रण में है, लेकिन भूराजनीतिक जोखिमों ने मुद्रास्फीति के परिदृश्य को ऊपर की ओर कर दिया है। मूडीज का अनुमान है कि 2026-27 में औसत मुद्रास्फीति 2025-26 के 2.4 प्रतिशत से बढ़कर 4.8 प्रतिशत हो जाएगी।

### खाद्य व ईंधन की मुद्रास्फीति पर पड़ेगा असर

मूडीज का मानना है कि महंगाई का जोखिम फिर से बढ़ने और वृद्धि के मजबूत बने रहने के साथ 2026-27 में नीतिगत दर रेपो को या तो स्थिर रखा जाएगा या इसमें धीरे-धीरे वृद्धि की जाएगी। हालांकि, यह भूराजनीतिक तनाव की अवधि और इसके खाद्य एवं ईंधन की मुद्रास्फीति पर पड़ने वाले असर पर निर्भर करेगा।

### मूडीज ने 31 मार्च की रिपोर्ट में कहा

मूडीज की 31 मार्च की रिपोर्ट, जिसे एजेंसी ने देखा है, के मुताबिक, ''पश्चिम एशिया चल रहे सैन्य संघर्ष के भारत की अर्थव्यवस्था पर असर को देखते हुए हमारा अनुमान है कि 2026-27 में वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर घटकर छह प्रतिशत रहेगी। रेटिंग एजेंसी ने पहले इसके 6.8 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया था।

### निजी उपयोग में कमी व उद्योगों में आएगी सुस्ती

रिपोर्ट में कहा गया, ''निजी उपभोग में कमी, औद्योगिकी गतिविधियों में सुस्ती, सकल निश्चित पूंजी सृजन में कमी, दाम बढ़ने तथा लागत बढ़ने से भारत की वृद्धि दर प्रभावित होगी।'' पिछले महीने आर्थिक सहयोग एवं विकास संगठन (ओईसीडी) ने अनुमान लगाया था कि भारत की जीडीपी वृद्धि दर 2025-26 के 7.6 प्रतिशत से घटकर 2026-27 में 6.1 प्रतिशत रह जाएगी।

### खुदरा मुद्रास्फीति डेढ़ प्रतिशत नीचे आएगी

इसके अलावा ईवाई की 'इकॉनमी वॉच' रिपोर्ट में कहा गया है कि अगर पश्चिम एशिया संघर्ष 2026-27 तक जारी रहता है, तो चालू वित्त वर्ष में भारत की वास्तवित जीडीपी वृद्धि दर करीब एक प्रतिशत घट जाएगी जबकि खुदरा मुद्रास्फीति करीब डेढ़ प्रतिशत अंक बढ़ेगी। घरेलू रेटिंग एजेंसी इक्रा का अनुमान है कि 2026-27 में भारत की वृद्धि दर घटकर 6.5 प्रतिशत रहेगी।

### विदेश से आने वाले धन में आएगी कमी

एजेंसी का अनुमान है कि माल एवं सेवाओं का निर्यात काफी हद तक स्थिर रहेगा। वहीं ऊंची जिंस कीमतों के बीच वस्तुओं का आयात बढ़ेगा। इससे भारत का चालू खाते का घाटा (कैड) बढ़ेगा। मूडीज ने कहा कि दूसरे देशों में रहने वाले भारतीयों द्वारा देश में भेजे जाने वाले धन यानी रेमिटेंस पर भी इस संकट की वजह से असर पड़ेगा। इसकी वजह यह है कि इस तरह के प्रवाह का 40 प्रतिशत हिस्सा खाड़ी देशों से आता है।

## पश्चिम एशिया संघर्ष से घरेलू शेयर बाजार में जारी रहेगा उतार-चढ़ाव



एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

स्थानीय शेयर बाजार में इस सप्ताह उतार-चढ़ाव रहने की संभावना है क्योंकि निवेशक भारतीय रिजर्व बैंक के मौद्रिक नीति संबंधी निर्णय, प्रमुख वैश्विक आर्थिक आंकड़ों और पश्चिम एशिया संघर्ष के प्रभाव पर नजर रख रहे हैं। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। विश्लेषकों ने कहा कि कच्चे तेल की कीमतों और विदेशी निवेशकों के निवेश का रुख भी बाजार की दिशा तय करने में अहम भूमिका निभाएगा।

■ आरबीआई की मौद्रिक नीति की समीक्षा इसी सप्ताह होगी जारी

जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, देश में इस समय भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति की बैठक सबसे महत्वपूर्ण है। निवेशक महंगाई और आर्थिक वृद्धि पर केंद्रीय बैंक के रुख को ध्यान से देखेंगे।''उन्होंने कहा, ''प्रमुख नीतिगत दर रेपो में फिलहाल बदलाव की संभावना नहीं है, लेकिन कच्चे तेल की ऊंची कीमतों से महंगाई का दबाव बना हुआ है। वहीं विनिर्माण गतिविधियों में सुस्ती के संकेत मिल रहे हैं। ऐसे में केंद्रीय बैंक के रुख और भविष्य के अनुमान पर नजर रहेगी।" नायर ने कहा, ''वैश्विक स्तर पर अमेरिका के मार्च महीने के महंगाई आंकड़े भी महत्वपूर्ण होंगे, क्योंकि इससे वहां की मौद्रिक नीति और डॉलर की स्थिति पर असर पड़ेगा, जिसका प्रभाव भारत जैसे उभरते बाजारों पर भी पड़ सकता है।

# आईपीओ बाजार का आकर्षण बरकरार

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

कंपनियों के बीच आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) को लेकर आकर्षण बरकरार है। एसबीआई फंड्स मैनेजमेंट और मणिपाल हेल्थ एंटरप्राइजेज सहित 38 कंपनियों ने मार्च, 2026 में भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास आईपीओ के लिए शुरुआती दस्तावेज दाखिल किए हैं। इससे पता चलता है कि कंपनियों के लिए धारणा बेहतर है। हालांकि, नियामकीय समयसीमा की वजह से भी इसमें बढ़ोतरी हुई है। सेबी के आंकड़ों से पता चलता है कि मार्च, 2025 में 22 और मार्च, 2024 में 16 कंपनियों ने आईपीओ के लिए



■ मार्च में 38 कंपनियों ने सेबी के पास दस्तावेज किए दाखिल

शुरुआती दस्तावेज दाखिल किए थे। यह दर्शाता है कि सार्वजनिक निर्गम को लेकर आकर्षण कायम है। मर्चेंट बैंकिंग सूत्रों के मुताबिक, यह रफ्तार आगे भी जारी रहने की उम्मीद है। आने वाले सप्ताहों में नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) और रिलायंस इंडस्ट्रीज की दूरसंचार इकाई जियो सहित कई बड़ी कंपनियां आईपीओ के लिए दस्तावेजों का मसौदा दायर करने की तैयारी कर रही हैं। इनके अलावा सिंगापुर की सेम्बकॉर्प इंडस्ट्रीज की भारतीय नवीकरणीय ऊर्जा इकाई, स्वीडन के मॉडर्न टाइम्स समूह की अनुषंगी प्लेसिंपल, टीपीजी समर्थित ऑनलाइन कर्ज देने वाला मंच फाइब और टाइगर ग्लोबल समर्थित बैटरीस्मार्ट भी जल्द ही आईपीओ दस्तावेज (डीआरएचपी) दाखिल कर सकती हैं।

### 124 कंपनियों को पहले ही आईपीओ की मंजूरी मिल चुकी

एक्सिस कैपिटल की एक रिपोर्ट के मुताबिक, 64 कंपनियों ने सेबी के पास दस्तावेज दाखिल किए हैं और वे मंजूरी का इंतजार कर रही हैं। 124 कंपनियों को पहले ही सेबी से आईपीओ के लिए मंजूरी मिल चुकी है, लेकिन अभी उनके सार्वजनिक निर्गम आए नहीं हैं। मार्च, 2025 से 20 अन्य कंपनियों ने गोपनीय मार्ग से आईपीओ दस्तावेज दाखिल किए हैं।

## आईनॉक्स एयर का तरल ऑक्सीजन संयंत्र शुरू

**नई दिल्ली।** आइनॉक्स एयर प्रोडक्ट्स ने कहा कि उसने भारत के सेमीकंडक्टर एवं सौर विनिर्माण क्षेत्रों को सहायता देने के लिए तमिलनाडु के होसुर में अपना पहला अति-उच्च शुद्धता वाला तरल ऑक्सीजन संयंत्र शुरू किया है। कंपनी ने एक बयान में कहा कि यह संयंत्र प्रतिदिन 17 टन (500 घन मीटर प्रति घंटा) की क्षमता के साथ ''6एन ग्रेड'' (99.9999 प्रतिशत शुद्धता) वाला तरल ऑक्सीजन का उत्पादन करता है। इससे इलेक्ट्रॉनिक्स और फोटोवोल्टिक उद्योगों की जरूरतों को पूरा करने में मदद मिलेगी। आइनॉक्स एयर प्रोडक्ट्स ने कहा कि यह संयंत्र अति-उच्च शुद्धता वाले ऑक्सीजन के आयात पर निर्भरता कम करने में मदद करेगा, जिसे पहले विदेशों से मंगाया जाता था।




## एआई के कारण आईटी में छंटनी पर नीतिगत हस्तक्षेप की मांग

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कर्मचारियों के संगठन 'नाइट्स' ने प्रौद्योगिकी कंपनियों से छंटनी के बजाय कौशल विकास पर प्राथमिकता देने को कहा है। संगठन ने नीतिगत हस्तक्षेप के जरिये कार्यालय में काम करने वाले (व्हाइट-कॉलर) पेशेवरों की सुरक्षा के लिए कड़े उपाय और अनिवार्य विच्छेद मानदंड लागू करने की मांग की है, क्योंकि उद्योग द्वारा कृत्रिम मेधा (एआई) के आक्रामक विस्तार से नौकरियों में कटौती और अनिश्चितता का माहौल पैदा हो गया है। नैसेंट इन्फॉरमेशन टेक्नोलॉजी एम्प्लॉइज सीनेट (नाइट्स) ने तर्क दिया कि हालांकि प्रौद्योगिकी कंपनियों का मुनाफा मजबूत बना हुआ है, लेकिन घटती नौकरी की सुरक्षा कॉरपोरेट जिम्मेदारी और जवाबदेही पर गंभीर सवाल उठाती है। नाइट्स के अध्यक्ष हरप्रीत सिंह सलूजा ने कहा, ''सबसे पहले, कंपनियों को जिम्मेदारी लेनी चाहिए। अगर वे एआई में निवेश कर रहे हैं, तो उन्हें अपने मौजूदा कार्यबल को फिर से प्रशिक्षित करने में भी निवेश करना चाहिए।''

■ संगठन नाइट्स ने छंटनी के बजाय कौशल विकास को प्राथमिकता देने कहा



### कर्मचारियों की रक्षा करने का आग्रह

सलूजा ने नीति निर्माताओं से छंटनी पर स्पष्ट दिशानिर्देश, अनिवार्य नोटिस अवधि, उचित विच्छेद वेतन और नियोक्ता की जवाबदेही लागू करके कर्मचारियों की रक्षा करने का आग्रह किया।

## पश्चिम एशिया संकट से टेलीविजन उद्योग की बिक्री घटने की आशंका

**नई दिल्ली।** टेलीविजन उद्योग पर बढ़ती लागत का दबाव गहराता जा रहा है, जिससे आने वाले समय में बिक्री पर असर पड़ने की आशंका है। रैम की कीमतों में तेजी के साथ-साथ पश्चिम एशिया में जारी भू-राजनीतिक तनाव के कारण प्लास्टिक और समुद्री ढुलाई की लागत भी बढ़ गई है। बढ़ती कीमतों का असर उपभोक्ताओं की पसंद पर भी दिखाई देने लगा है। कई ग्राहक अब बड़े परदे वाले टेलीविजन की बजाय छोटे आकार के मॉडल चुन रहे हैं। इसके अलावा रुपये में कमजोरी के कारण उत्पादन लागत बढ़ी है, जिससे खुदरा कीमतों में भी वृद्धि हुई है। बड़ी कंपनियों ने अभी तक पूरी लागत वृद्धि ग्राहकों पर नहीं डाली है और बाजार में अपनी हिस्सेदारी बनाए रखने के लिए कुछ बोझ स्वयं वहन कर रही हैं। इसके बावजूद उपभोक्ता अपनी खरीद टाल रहे हैं।

## अमेरिका में नियोक्ताओं ने 178,000 नौकरियां जोड़ीं

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी नियोक्ताओं ने पिछले महीने आश्चर्यजनक रूप से 1.78 लाख नई नौकरियां जोड़ीं, जिससे फरवरी की कमजोर स्थिति से उबरने में मदद मिली और बेरोजगारी दर घटकर 4.3 प्रतिशत रह गई। श्रम विभाग ने शुक्रवार को बताया कि नियुक्तियों में यह उछाल फरवरी में 1.33 लाख नौकरियों के नुकसान के बाद वापसी का संकेत है। नौकरियों में हुई यह वृद्धि अर्थशास्त्रियों के अनुमान से लगभग तीन गुना अधिक रही। बेरोजगारी दर फरवरी की 4.4 प्रतिशत से घटकर मार्च में 4.3 प्रतिशत हो गई। इसका एक कारण यह भी है कि मार्च में काम कर रहे और नौकरी की तलाश करने वाले लोगों की संख्या 3,96,000 कम हो गई, जिससे नौकरी के लिए प्रतिस्पर्धा कम हुई। स्वास्थ्य देखभाल कंपनियों ने 76,400 नई नौकरियां बनाई।





**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा अस्पताल ग्रेवाल हॉस्पिटल, पता 4, प्रीति नगर, हिसार, पिछले पाँच वर्षों से बंद है।

डॉ. सुरिंदर सिंह ग्रेवाल
सीनियर सर्जन,
हिसार

### शब्द पहेली - 6187



**बाएँ से दाए**


1.उम्मीद,आशा-2
3.जी,चित्त-2
5.भस्म,खाक-2
7.जाल,फंदा-2
9.चिंतन,सोचना-3
11.ठाठ-बाट-2
13.क्रिकेट में बनते हैं-2
15.एक राशि-3
17.काया,बदन-2
19.एक विदेशी शराब-2
22.बोलने का तरीका-3
24.शालीन,सभ्य-2
26.बल,ताकत-2
28.भैंस जैसा एक पशु-2
30.पुत्री की पुत्री-3
32.कोर्ट में प्रस्तुत दावा-2
34.मोटा आटा-2
36.जुड़वा-3
38.आनंदित-2
41.नौकर,गुलाम-2
43.बूंद-3
45.लक्ष्मी,विष्णुप्रिया -2
47.जंगल,कानन-2
49.मेहंदी -2
51.दृष्टि,निगाह-3
53.बुरी आदत -2
55.बुढ़ापा -2
57.नमस्कार,प्रणाम -3
60.खुमार,सरूर -2
62.भीगा हुआ -2
64.पक्षाघात-3
66.चुनौती-2
67.ऋण,उधार -2
68.भूमि,जमीन-2
69.चस्का,बुरी आदत-2

**ऊपर से नीचे**

1.फलों का राजा-2
2.साजन,बलमा-3
4.खुमार-2
6.खच्चर,गधा-2
8.वहम,संदेह-2
10.अनुकृति-3
12.झुका हुआ-2
14.आदमी-2
16.वास करना-3
18.आकाश-2
20.घमंड-2
21.बदन-2
23.जातिवाद-3
25.पिघले पत्थर-2
27.रोग,-2
29.हाथ,टैक्स-2
31.लवण-3
33.ताकत-2
35.वचन-2
37.प्रयत्न-3
39.स्थिति -2
40.नवीन-2
42.सच्चा-2
44.राजा-3
46.हार-2
48.टौंटी-2
50.गुमान-2
52.पासों का खेल-3
54.काया-2
56.रात्रि-2
58.हुबहू-3
59. समय-2
61.सब्जी-2
63.गाड़ी-2
65.गैस-2

**शब्द पहेली- 6186 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | स | र | ग | ना | ■ | आ | म | रा | य | ■ |
| फि | ■ | न | ज | ला | ■ | फि | क | र | ■ | त |
| त | ल | ■ | ल | य | ■ | स | र | ■ | ला | ल |
| र | ह | ना | ■ | क | हा | र | ■ | ज | ल | बा |
| त | र | सा | ना | ■ | ति | ■ | ज | ल | च | र |
| ■ | ■ | ■ | र | ह | म | दि | ल | ■ | ■ | ■ |
| ब | ग | दा | द | ■ | ता | ■ | न | ज | रा | ना |
| र | म | ल | ■ | स | ई | स | ■ | प | ह | रा |
| ग | ला | ■ | स | दा | ■ | ल | स | ■ | त | य |
| द | ■ | ग | ली | चा | ■ | वा | न | र | ■ | ण |
| ■ | का | श्त | का | र | ■ | र | म | जा | न | ■ |



## खबर संक्षेप

### कन्नूर के 2177 केंद्रों पर कैमरों से होगी निगरानी

**नई दिल्ली।** केरल विधानसभा चुनाव को लेकर शासन-प्रशासन ने भी अपनी कमर कस ली है। चुनाव आयोग के निर्देश पर स्थानीय प्रशासन चुनावी तैयारियों को अंतिम रूप दे रहा है। कन्नूर जिले के सभी मतदान केंद्रों के अंदर और बाहर कैमरा लगाया जाएगा।100 फीसदी वेबकास्टिंग और बूथों के बाहर कैमरे लगाने से निर्बाध और पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया सुनिश्चित होगी। कन्नूर जिले में कुल 2177 मतदान केंद्र हैं।

### दिल्ली-देहरादून 'वे' की सौगात 14 को



**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी 14 अप्रैल को दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे का उद्घाटन करेंगे। यह एक्सप्रेसवे उत्तर भारत के रोड इंफ्रास्ट्रक्चर में मील का पत्थर साबित होगा। एक्सप्रेसवे से यात्रा का समय लगभग 2.5 घंटे जाएगा। 210 किलोमीटर का यह कॉरिडोर सुगम यात्रा कराएगा। दिल्ली, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड को जोड़ेगा। भीड़ कम होगी।

### बिहार में 25 करोड़ की लूट ले भागे 17 किलो सोना



**पटना।** यहां अपराधियों ने फिल्मी अंदाज में बड़ी लूट की वारदात को अंजाम दिया। दानापुर के खगौल थाना क्षेत्र में कस्टम अधिकारी बनकर बदमाशों ने स्वर्ण व्यवसायी के स्टाफ से करीब 17 किलो सोना लूट लिया, जिसकी कीमत लगभग 25 करोड़ बताई जा रही है। गुजरात के राजकोट निवासी महेश मामतोरा और प्रिंस रामपरिया का स्टाफ अहमदाबाद से सहरसा एक्सप्रेस ट्रेन से दानापुर पहुंचा था।

### मुम्बई:113 वर्ष पुराना पुल एल्फिंस्टन बना इतिहास

**मुंबई।** मध्य मुंबई में वर्तमान के परेल और प्रभादेवी के बीच 113 वर्षों तक यात्रियों की आवाजाही को सुगम बनाने वाला एल्फिंस्टन सड़क पुल रविवार को इतिहास बन गया, जब श्रमिकों ने इसके अंतिम बचे गर्डरों को हटा दिया। मध्य रेलवे ने महानगर के व्यस्त सीएसएमटी-कुर्ला खंड पर बुनियादी ढांचे के उन्नयन और उपनगरीय रेल गलियारे के विस्तार कार्यों के तहत अब तक ब्रिटिश काल के पांच सड़क पुल ध्वस्त कर दिए हैं।

## प्रधानमंत्री ने कूच बिहार में की चुनावी जनसभा, ममता पर साधा निशाना

# बंगाल की तृणमूल कांग्रेस सरकार 'कट मनी': मोदी

**बोले-कमीशन-भ्रष्टाचार के जरिए युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ कर**

एजेंसी ▶▶| कूच बिहार

पश्चिम बंगाल के कूच बिहार में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कानून-व्यवस्था और घुसपैठ के मुद्दे को लेकर टीएमसी सरकार पर निशाना साधा। मोदी ने कहा कि बंगाल की सरकार 'कट मनी', कमीशन और भ्रष्टाचार के जरिए युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ कर रही है। उन्होंने टीएमसी पर घुसपैठियों को संरक्षण देने का आरोप लगाया। पीएम मोदी ने कहा कि 'ये तृणमूल वाले एसआईआर का विरोध कर रहे हैं ताकि घुसपैठियों की पहचान न हो सके, उल्टे टीएमसी सीएए को रद्द करने की धमकी दे रही है। यानि जिन शरणार्थी हिंदुओं को नागरिकता मिली है, ये उनकी नागरिकता छीनेंगे और वो ये नागरिकता घुसपैठियों को देंगे। क्योंकि टीएमसी घुसपैठियों को अपना वोटबैंक मानती है।



### चुनाव की घोषणा के बाद मोदी की पहली रैली

विधानसभा चुनाव की घोषणा के बाद राज्य में मोदी की यह पहली चुनावी रैली होगी और रास मेला मैदान में उनकी यह चौथी जनसभा होगी। इससे पहले वह 2019 और 2024 के लोकसभा चुनाव तथा 2021 के विधानसभा चुनाव के दौरान भी इसी मैदान पर रैलियों को संबोधित कर चुके हैं। पश्चिम बंगाल की 294 सदस्यीय विधानसभा के लिए चुनाव दो चरणों में 23 और 29 अप्रैल को होंगे, जबकि मतगणना चार मई को होगी। पार्टी नेता के अनुसार, मोदी का संबोधन भाजपा के चुनावी अभियान की दिशा तय कर सकता है, जिसमें भयमुक्त माहौल और संस्थाओं में जनता का भरोसा बहाल करने पर जोर दिया जाएगा। एक अन्य नेता ने बताया कि पांच अप्रैल की रैली के बाद राज्यभर में भाजपा के वरिष्ठ नेताओं द्वारा जनसभाएं, रोड शो और संगठनात्मक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

**भाजपा-चुनाव आयोग पर भड़कीं ममता**

### मतदाता लोगों के नाम हटाने का बदला लेने के लिए मतदान करें



**शमशेरगंज (प.बंगाल) (भाषा)।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को मतदाताओं से उन लोगों की ओर से बदला लेने के लिए मतदान करने का आह्वान किया जिनके नाम एसआईआर प्रक्रिया के तहत मतदाता सूची से हटा दिये गए हैं। तृणमूल कांग्रेस अध्यक्ष ने उन लोगों से न्यायाधिकरण के समक्ष अपील करने का भी आग्रह किया, जिनके नाम मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान मतदाता सूची से हटा दिए गए हैं। ममता ने अप्रैल 2025 में मुस्लिम बहुल मुर्शिदाबाद जिले में वक्फ (संशोधन) अधिनियम के विरोध प्रदर्शनों के दौरान हिंसा के केंद्र में रहे शमशेरगंज में आयोजित चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, ''लोगों के नाम हटाए जाने का बदला लेने और एसआईआर के खिलाफ अपना वोट डालें ताकि परिणाम इसे प्रतिबिंबित कर सकें। मुख्यमंत्री ने तृणमूल कार्यकर्ताओं से चार मई को मतगणना तिथि तक सतर्क रहने को कहा। पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव दो चरणों में 23 और 29 अप्रैल को होंगे।



# शाह ने केरल के बेपोर में रोड शो में हिस्सा लिया

भाषा ▶▶| कोझिकोड (केरल)

■ शाह ने केरल के बेपोर में रोड शो में हिस्सा लिया

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को बेपोर विधानसभा क्षेत्र में एक विशाल रोड शो किया, जहां राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के चुनाव प्रचार अभियान पर निकले भाजपा नेता का स्वागत करने के लिए हजारों लोग उमड़ पड़े। केरल में नौ अप्रैल को विधानसभा चुनाव होंगे। शनिवार शाम को कालीकट हवाई अड्डे पर पहुंचे शाह ने मथोट्टम बिजिथ जंक्शन से नाडुवट्टम तक रोड शो किया। शाह पूर्वाह्न करीब 11 बजकर 20 मिनट पर मथोट्टम बिजिथ जंक्शन पहुंचे और फूलों से सजी एक खुली गाड़ी में सवार होकर उन्होंने सड़क के दोनों ओर जमा भीड़ का हाथ हिलाकर अभिवादन किया। भीड़ में शामिल लोगों के हाथों में वरिष्ठ भाजपा नेता के कटआउट थे।

### केरल में चुनाव राज्य का भविष्य सुधारने के लिए हैं : शाह

कोच्चि (भाषा) केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि केरल में होने जा रहे विधानसभा चुनाव केवल सरकार बदलने के लिए नहीं, बल्कि राज्य के भविष्य को बेहतर बनाने के लिए हैं। शाह ने यहां कुन्नथुनाडु निर्वाचन क्षेत्र में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि 2014 के लोकसभा चुनावों के बाद से केरल में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के मत प्रतिशत में वृद्धि हुई है और अब राज्य में भाजपा के नेतृत्व वाले गठबंधन की सरकार का समय आ गया है।

### द्रमुक का घोषणापत्र '2026 चुनाव का सुपरस्टार' है : स्टालिन



*विरुधुनगर (तमिलनाडु) (भाषा)। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने रविवार को द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के चुनाव घोषणापत्र को "2026 के चुनावों का सुपरस्टार" बताते हुए कहा कि वादे तो कोई भी कर सकता है, लेकिन जनता भरोसा सिर्फ उनकी पार्टी के वादों पर करती है। यहां धमनिरपेक्ष प्रगतिशील गठबंधन की एक बड़ी जनसभा को संबोधित करते हुए द्रमुक अध्यक्ष स्टालिन ने अन्नाद्रमुक के महासचिव ई.के. पलानीस्वामी पर तीखा हमला बोला और आरोप लगाया कि उनका पूरा चुनाव अभियान श्झूठ और निम्न स्तर की बातों" पर आधारित है।*

### टीवीके प्रमुख पर 2 आपराधिक केस मामलों का जिक्र



**चेन्नई।** तमिलनाडु चुनाव से पहले टीवीके प्रमुख विजय ने अपने ताजा चुनावी हलफनामे में बड़ा खुलासा किया है। पहले दाखिल हलफनामे में किसी भी आपराधिक मामले का जिक्र नहीं करने वाले विजय ने अब दो लंबित एफआईआर की जानकारी दी है। इस नए हलफनामे को 4 अप्रैल को उनके प्रतिनिधि ने रिटर्निंग ऑफिसर के समक्ष पेश किया।

### कुंकी चौधरी के माता-पिता पर कार्रवाई की जाएगी : हिमंत

*जोरहाट (भाषा)। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने कहा है कि वह असम जातीय परिषद (एजेपी) उम्मीदवार कुंकी चौधरी के माता-पिता के खिलाफ कथित तौर पर 'बीफ' खाने और उसकी तस्वीर सोशल मीडिया पर अपलोड करने के लिए कार्रवाई करेंगे। गुवाहाटी सेंट्रल विधानसभा सीट से पहली बार चुनाव लड़ रही चौधरी (27) ने आरोपों का कई बार खंडन किया है और इसे 'फर्जी खबर' बताया है, जिसे शर्मा द्वारा फैलाया जा रहा है। मुख्यमंत्री शर्मा ने इस विवाद के बारे में पूछे जाने पर पत्रकारों से कहा, "चुनाव के बाद मैं उनके माता-पिता के खिलाफ पशु संरक्षण अधिनियम के तहत कार्रवाई करूंगा। मैं सब कुछ स्वीकार करूंगा, लेकिन 'बीफ' खाना नहीं।" राज्य में 'बीफ' का सेवन अवैध नहीं है, लेकिन असम पशु संरक्षण अधिनियम, 2021 उन क्षेत्रों में पशुओं के वध और 'बीफ' की बिक्री पर प्रतिबंध लगाता है।*

### सरमा का पलटवार: हम 2 दिन में खेड़ा पर करेंगे केस



**गुवाहाटी।** सीएम हिमंत बिस्व सरमा ने सभी आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है। उन्होंने लिखायह कांग्रेस की गहरी हताशा और घबराहट को दिखाती है। आरोपों को दुर्भावनापूर्ण, मनगढ़ंत और राजनीति से प्रेरित झूठ बताया। हम 48 घंटे के भीतर उन पर कानूनी कार्रवाई करेंगे। उनका कहना है कि कांग्रेस असम की जनता को गुमराह करने की कोशिश कर रही है। सरमा ने साफ किया कि वह और उनकी पत्नी अगले 48 घंटों के भीतर खेड़ा के खिलाफ आपराधिक और नागरिक मानहानि के मामले दर्ज करेंगे।

### जुबिन की तरह कांग्रेस लोगों को एकजुट करने का काम करती है: राहुल



*विश्वनाथ चरियाली (असम) (भाषा)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को कहा कि उनकी पार्टी की विचारधारा प्रसिद्ध संगीतकार जुबिन गर्ग जैसी है, जिन्होंने अपना पूरा जीवन असम को एकजुट करने में लगाया। असम के विश्वनाथ जिले में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा भारत के "सबसे भ्रष्ट मुख्यमंत्री" हैं और राज्य में कांग्रेस की सरकार बनने के बाद उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। जुबिन गर्ग ने अपना पूरा जीवन असम के लोगों को एकजुट करने में लगाया, उन्होंने कभी किसी के साथ गलत व्यवहार नहीं किया। कांग्रेस की विचारधारा भी ऐसी ही है, नफरत के खिलाफ प्यार फैलाने की।"*

### ईसाई संस्थाओं और गैर सरकारी संगठनों को निशाना बनाने के लिए किया जा रहा है एफसीआरए में संशोधन : खरगे

**इडुक्की (केरल)(भाषा)।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने रविवार को आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री मोदी ईसाई संस्थाओं, गैर सरकारी संगठनों (एनजीओ) और सार्वजनिक तथा सामाजिक कल्याण के क्षेत्र में काम करने वाली नागरिक संस्थाओं पर हमला करने के लिए विदेशी अंशदान (विनियमन) संशोधन (एफसीआरए) में संशोधन करना चाहते हैं। खरगे ने इडुक्की विधानसभा क्षेत्र में संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) की एक जनसभा में कहा कि विदेशी अंशदान (विनियमन) अधिनियम (एफसीआरए) में प्रस्तावित संशोधन भाजपा और मोदी की असली मंशा को उजागर करता है।

## आईएसआईएस से कथित तौर पर जुड़े आतंकी गिरोह का पर्दाफाश

एजेंसी ▶▶| अमरावती

■ 12 संदिग्धों के लिए कई राज्यों में टीमें

भारत में युवाओं को कथित तौर पर कट्टरपंथी बनाने में शामिल विदेशी संचालकों और आईएसआईएस सहित चरमपंथी संगठनों से संदिग्ध तौर जुड़े एक आतंकी गिरोह का पर्दाफाश किया गया है। इससे पहले आंध्र प्रदेश पुलिस ने बिहार, दिल्ली, कर्नाटक, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, तेलंगाना और राजस्थान में टीम तैनात की थीं ताकि तीन लोगों सहित 12 संदिग्धों को गिरफ्तार किया जा सके।

### आतंकवादी प्रशिक्षण के लिए मार्गदर्शन

अधिकारी ने बताया कि अल-हकीम शुकूर, मोहम्मद हुजैफा, निंजा, हेमरोक्सी, अबू मुहरिब और अबू बलुशी के रूप में पहचाने गए संचालकों ने कथित तौर पर समूह को आतंकवादी प्रशिक्षण, स्नाइपर राइफल सहित हथियारों के उपयोग और हथियारों की आपूर्ति सुनिश्चित करने के बारे में मार्गदर्शन दिया।

### युवाओं को प्रभावित करने वीडियो प्रसारित

आरोप है कि इन लोगों ने ओसामा बिन लादेन, इसरार अहमद शेख, जाकिर नाइक और अनवर अल-अवलाकी के वीडियो प्रसारित किए ताकि मुस्लिम युवाओं को जिहाद और चरमपंथी विचारधाराओं से प्रभावित किया जा सके।

**'नेशनल मेरीटाइम डे' के अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा**

# देश के समुद्री क्षेत्र की अपार क्षमता का उपयोग करेंगे

**21वीं सदी में भारत में बंदरगाहों की क्षमता दोगुनी हुई**

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पीएम मोदी 'नेशनल मेरीटाइम डे' के अवसर पर रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत केंद्रीय मंत्रियों ने देशवासियों को शुभकामनाएं दीं और समुद्री क्षेत्र से जुड़े लोगों के योगदान को सराहा।पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि यह दिन भारत की समृद्ध समुद्री विरासत को याद करने और इस क्षेत्र से जुड़े लोगों के अमूल्य योगदान को सम्मान देने का अवसर है। समुद्री क्षेत्र से जुड़े लोगों की मेहनत और समर्पण देश की अर्थव्यवस्था, व्यापार और कनेक्टिविटी को मजबूत बनाता है। उन्होंने भरोसा जताया कि भारत अपने समुद्री क्षेत्र की अपार संभावनाओं का उपयोग कर एक समृद्ध भविष्य की ओर बढ़ता रहेगा।



### नाविकों और समुद्री क्षेत्र से जुड़े लोगों को सलाम



केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने देश के नाविकों और समुद्री क्षेत्र से जुड़े सभी लोगों को सलाम किया। उन्होंने 'एक्स' पोस्ट के जरिए कहा कि भारत की समुद्री विरासत हमारी ताकत है और यह क्षेत्र वैश्विक व्यापार को आगे बढ़ाने के साथ-साथ देश के तटीय इलाकों की सुरक्षा में भी अहम भूमिका निभाता है। उन्होंने एक मजबूत और टिकाऊ समुद्री भविष्य के लिए प्रतिबद्धता दोहराई।

## किसान बिल्कुल चिंता न करें, फसलों के नुकसान की करेंगे भरपाई: शिवराज

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पीएम किसान योजना की 23वीं किश्त जुलाई में आ सकती है। इसके पहले केंद्र सरकार ने उससे पहले ही एक बड़ा कदम उठाया है। केंद्रीय कृषि एवं किसान एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंत्रालय के अधिकारियों को कई राज्यों में बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि से फसलों को हुए नुकसान की समीक्षा करने का निर्देश दिया है। मंत्री ने अधिकारियों को राज्यों के अधिकारियों से संपर्क करने और फसलों को हुए नुकसान की जानकारी जुटाने का निर्देश दिया है। चौहान ने किसानों को आश्वासन दिया चिंता करने की आवश्यकता नहीं है और केंद्र सरकार उनके साथ खड़ी है। शिवराज सिंह ओलावृष्टि और भारी बारिश से फसलों को हुए नुकसान के मुद्दे पर संबंधित राज्यों के कृषि मंत्रियों से भी चर्चा करेंगे।



### हरियाणा, पंजाब और उप्र में फसलें क्षतिग्रस्त

उप्र, पंजाब व हरियाणा में बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि से गेहूं सहित खड़ी रबी की फसलों को नुकसान पहुंचा है। उप्र के 17 जिलों में 4,053.11 हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र में फसलें क्षतिग्रस्त हो गई हैं, जिससे 14,207 किसान प्रभावित हुए हैं।

**ओडिशा में बढ़ा आरक्षण का दायरा**

## एससी-एसटी और ओबीसी के लिए 12 से 22.5 फीसदी किया



**भुवनेश्वर।** ओडिशा सरकार ने राज्य में सामाजिक न्याय और समानता को बढ़ावा देने की दिशा में अहम कदम उठाया है। सरकार ने अनुसूचित जनजाति (एसटी), अनुसूचित जाति (एससी) और सामाजिक और आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग (एसईबीसी) के लिए चिकित्सा और तकनीकी शिक्षा संस्थानों में आरक्षण के कोटे में वृद्धि की है। यह फैसला मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में लिया गया। माझी ने बताया कि एसटी छात्रों के लिए कोटा 12 से बढ़ाकर 22.50 प्रतिशत कर दिया गया है। एससी छात्रों के लिए आरक्षण 8 से बढ़ाकर 16.25 प्रतिशत किया गया है। ओडिशा में सामाजिक और आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग के रूप में पहचाने जाने वाले ओबीसी छात्रों के लिए राज्य सरकार ने 11.25 प्रतिशत का आरक्षण भी शुरू किया है।

**सीबीआई ने की थी भ्रष्टाचार मामले की जांच**

## आरटीआई डेटा देने से इनकार पर आईआरसीटीसी को फटकार

**नई दिल्ली(भाषा)।** केंद्रीय सूचना आयोग ने भारतीय रेलवे की खानपान इकाई भारतीय रेलवे खानपान और पर्यटन निगम (आईआरसीटीसी) को, एक आरटीआई अर्जी पर सूचना देने से इनकार करने के लिए फटकार लगाई है। उक्त अर्जी में यह सवाल किया गया था कि क्या रेलवे निविदाओं के लिए बोली लगाने वाली कंपनियों ने रेल नीर 'घोटाले' और केंद्रीय एजेंसियों द्वारा जांच किए जा रहे संबंधित मामलों से अपने कथित संबंधों का खुलासा किया था। आरटीआई आवेदक ने आईआरसीटीसी से सवाल किया था कि क्या बोली लगाने वालों ने अपने टेंडर दस्तावेजों में खिलाफ जारी सीबीआई या ईडी मामलों, यदि हैं तो, का स्पष्ट उल्लेख किया है। रेल नीर 'घोटाला' 2015 का भ्रष्टाचार का मामला था, जिसकी जांच सीबीआई ने की। निजी खानपान कंपनियों ने प्रीमियम ट्रेनों में रेल नीर की जगह सस्ते पानी की आपूर्ति की जिससे रेलवे को 19.5 करोड़ का नुकसान हुआ।

**भिक्षावृत्ति में लिप्त बच्चे** | देशभर में 14 साल तक के 45 हजार भिखारी, जनगणना से मिली जानकारी

# उप्र नंबर वन तो दूसरे पर राजस्थान और दादरा-नगर हवेली व अंडमान निकोबार में एक भी भिखारी नहीं

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय की मानें तो देशभर में 14 साल से कम उम्र वाले सिर्फ 45 हजार 296 बच्चे ही ऐसे हैं, जो भिक्षावृत्ति में लिप्त पाए गए। उसमें भी उत्तर प्रदेश में सबसे ज्यादा 10 हजार बच्चे भीख मांगते पाए गए, जबकि दूसरे नंबर पर राजस्थान है, जहां इन बच्चों की संख्या सात हजार से अधिक है। यह जानकारी 2011 की जनगणना के आधार पर दी गई है। राज्य सभा में एक अतारांकित सवाल के जवाब में यह जानकारी दी गई है। राज्यमंत्री बीएल वर्मा ने बताया कि आंकड़े भारत के महारजिस्ट्रार की वेबसाइट की सूचना पर आधारित है। ऐसे बच्चों के पुनर्वास की योजना 23 अक्टूबर, 2023 में शुरू की गई थी और तब से अब तक 2653 बच्चों का पुनर्वास किया गया है। इनमें 1507 बच्चों को उनके माता-पिता अथवा परिवारों से मिलवाया गया। वहीं, 305 बच्चों को आंगनबाड़ी केंद्रों से जोड़ा गया। 206 बच्चों को बाल कल्याण समिति को सौंपा गया है। 625 बच्चों को स्कूलों में नामांकन की सुविधा प्रदान की गई है। सरकार ने कहा कि विभाग पहले से भिक्षावृत्ति के कार्य में लिप्त व्यक्तियों के व्यापक पुनर्वास के लिए योजना चला रहा है। जिसमें बच्चों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।



**ये आंकड़े भारत के महारजिस्ट्रार की वेबसाइट की सूचना पर आधारित**

**सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की रिपोर्ट**

### लक्ष्यद्वीप-सिक्किम में एक-एक ऐसे कार्यों में लिप्त

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग ने अपनी रिपोर्ट में बताया है कि केंद्र शासित प्रदेश दादरा-नगर हवेली और अंडमान निकोबार द्वीप समूह में एक भी बच्चा भिक्षावृत्ति में लिप्त नहीं पाया गया। वहीं, लक्ष्यद्वीप और सिक्किम में एक-एक, मिजोरम में छह, दमन और दीव में आठ और पुदुचेरी में नौ बच्चे ऐसे कार्यों में लिप्त पाए गए।

**अशोक खरात की हाई प्रोफाइल लोगों से होती थी बात**

## सीडीआर लीक की होगी जांच ईडी ने कसा शिकंजा: फड़णवीस





भाषा ▶▶| नासिक

**खरात व शिंदे के बीच हुई बातचीत के खुलासे के बाद मचा बवाल**

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने रविवार को बताया कि अशोक खरात मामले में सीडीआर लीक होने की जांच कराई जाएगी। इस मामले में गिरफ्तार स्वयंभू धर्मगुरु की संपत्तियों की जांच अब प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को सौंपी जाएगी। शुक्रवार को सामाजिक कार्यकर्ता अंजली दमानिया द्वारा खरात और उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के बीच हुई बातचीत के खुलासे के बाद मचे बवाल के बीच फडणवीस ने कहा कि किसी को भी इस तरह के 'कॉल डेटा रिकॉर्ड' (सीडीआर) प्राप्त करने का अधिकार नहीं है। अंजली दमानिया ने यह भी दावा किया कि उन्हें खरात से जुड़ा कॉल डेटा रिकॉर्ड (सीडीआर) व्हाट्सएप पर एक अज्ञात नंबर से प्राप्त हुआ था। खरात मामले में सीडीआर लीक होने की जांच की जाएगी और सख्त कार्रवाई की जाएगी। किसी को भी कॉल डेटा रिकॉर्ड (सीडीआर) तक पहुंचने का अधिकार नहीं है, केवल अधिकृत एजेंसियां ही ऐसा कर सकती हैं। यह डेटा कैसे और किसने लीक किया, इसकी जांच राज्य सरकार करेगी।" उन्होंने कहा कि संवेदनशील मामलों में मात्र आरोप पर्याप्त नहीं होते हैं और ठोस सबूतों के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

**सीजेआई सूर्यकांत बोले**

## न्यायिक बुनियादी ढांचे को मजबूत करना वैकल्पिक नहीं, बल्कि अनिवार्य



**हैदराबाद (भाषा)।** प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत ने रविवार को कहा कि विभिन्न राजनीतिक दलों की राज्य सरकारें यह मानती हैं कि न्यायिक बुनियादी ढांचे को मजबूत करना वैकल्पिक नहीं, बल्कि एक अनिवार्य है। तेलंगाना उच्च न्यायालय जोन-2 (जिसमें न्यायाधीशों और मुख्य न्यायाधीश के लिए आवासीय भवन शामिल हैं) का शिलान्यास करने के बाद सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि जब न्यायपालिका और कार्यपालिका उद्देश्य में एकजुट होती हैं, तो संविधान वास्तव में जीवंत हो उठता है। उन्होंने कहा, "देश भर में बना यह माहौल मुझे बहुत आत्मविश्वास देता है। पिछले कुछ महीनों में ही मुझे उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, आंध्र प्रदेश, असम और अब तेलंगाना में न्यायिक परिसर के शिलान्यास का अवसर मिला है।

Photocopier
ct2-moder-64
SALE
8 tons megatherm steel making furnace for sale with transformer in best working condition in Chennai
Shri Balaji Steel Industries
CHENNAI, Tamilnadu
9840039742

## चिंतन

# विकास चौपट कर रही 'राजनीतिक रेवड़ियां'

देश की राजनीति में 'फ्रीबीज' या 'रेवड़ी संस्कृति' अब चुनावी रणनीति का सबसे आसान और लोकप्रिय हथियार बन चुकी है। चुनाव आते ही मुफ्त राशन, नकद सहायता, बिजली-पानी सब्सिडी और तमाम तरह की घोषणाओं की बाढ़ आ जाती है। पहली नजर में ये योजनाएं आम जनता को राहत देने वाली लगती हैं, लेकिन गहराई से देखें तो यही रेवड़ियां राज्यों के आर्थिक ढांचे को भीतर से खोखला कर विकास को चौपट कर रही हैं। असल समस्या यह है कि घोषणाएं तेजी से बढ़ रही हैं, लेकिन राज्यों की कमाई उसी अनुपात में नहीं बढ़ रही। नतीजा बजट का संतुलन बिगड़ रहा है और कर्ज का बोझ लगातार बढ़ता जा रहा है। कई राज्यों में स्थिति इतनी गंभीर हो चुकी है कि विकास कार्यों के लिए पैसा ही नहीं बच रहा। सड़कों, पानी, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी जरूरतों पर खर्च घटाया जा रहा है, ताकि चुनावी वादों को किसी तरह निभाया जा सके। हिमाचल प्रदेश इसका ताजा उदाहरण है, जहां नकदी संकट इतना गहरा गया कि सरकार को वेतन और पेंशन तक टालनी पड़ी। यह केवल एक राज्य की समस्या नहीं, बल्कि आने वाले समय का संकेत है। अगर यही रुझान जारी रहा, तो अन्य राज्य भी इसी राह पर चल पड़ेंगे। तेलंगाना की स्थिति भी चिंताजनक है। चुनावी वादों को पूरा करने के लिए हर साल करीब एक लाख करोड़ रुपये की जरूरत है, लेकिन संसाधनों की कमी के कारण कई योजनाएं अधर में लटकी हैं। मध्य प्रदेश में लाड़ली बहना योजना और अन्य सब्सिडी योजनाओं के चलते कर्ज का अनुपात तेजी से बढ़ा है। महाराष्ट्र जैसे अपेक्षाकृत मजबूत राज्य को भी दबाव में आकर कुछ योजनाएं बंद करनी पड़ीं। पंजाब जैसे राज्यों में तो हालात और भी गंभीर हैं। यहां चुनावी घोषणाओं का बोझ कुल राजस्व का 30 से 40 प्रतिशत तक पहुंच चुका है। जब किसी राज्य की कमाई का इतना बड़ा हिस्सा केवल मुफ्त योजनाओं में खर्च हो जाए, तो विकास कार्यों के लिए पैसा कहां से आएगा? यही वजह है कि कई राज्यों में इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स धीमे पड़ रहे हैं या रुक गए हैं। यह भी समझना जरूरी है कि मुफ्त योजनाएं पूरी तरह गलत नहीं हैं। समाज के कमजोर वर्गों को सहारा देना सरकार की जिम्मेदारी है, लेकिन समस्या तब पैदा होती है, जब ये योजनाएं आर्थिक मजबूती के बजाय केवल चुनावी लाभ के लिए बनाई जाती हैं। बिना दीर्घकालिक योजना और वित्तीय अनुशासन के चलाई गई योजनाएं अंततः राज्य की अर्थव्यवस्था पर बोझ बन जाती हैं। कैश ट्रांसफर योजनाएं विशेष रूप से चिंता का विषय हैं। ये योजनाएं तुरंत राहत तो देती हैं, लेकिन स्थायी समाधान नहीं हैं। इनसे न तो रोजगार पैदा होता है और न ही उत्पादन बढ़ता है। उल्टा, ये सरकार की वित्तीय स्थिति को कमजोर कर देती हैं। अगर यही स्थिति बनी रही, तो भविष्य में कुछ राज्यों के डिफॉल्ट होने का खतरा भी पैदा हो सकता है। इसके समाधान के लिए सबसे पहले, सरकारों को लोकलुभावन घोषणाओं के बजाय दीर्घकालिक विकास पर ध्यान देना होगा। शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और इंफ्रास्ट्रक्चर में निवेश ही असली विकास का आधार है। इसके साथ ही, वित्तीय अनुशासन को सख्ती से लागू करना होगा और हर योजना के लिए स्पष्ट संसाधन सुनिश्चित करने होंगे। जनता को भी अपनी भूमिका समझनी होगी। केवल मुफ्त सुविधाओं के लालच में वोट देने के बजाय, उन्हें यह देखना होगा कि कौन सी नीतियां उनके भविष्य को सुरक्षित बनाती हैं। अगर समय रहते इस पर लगाम नहीं लगाई गई, तो राज्यों की आर्थिक सेहत पर इसका गंभीर असर पड़ेगा और विकास केवल कागजों तक सिमटकर रह जाएगा।



## दिवस विशेष
शिवप्रकाश

# भारत की आकांक्षा पर खरी उतरी भाजपा

मुंबई में 6 अप्रैल 1980 को भारतीय जनता पार्टी का गठन हुआ। भारत के पश्चिमी तट पर खड़े होकर देश के लोकप्रिय नेता अटल बिहारी वाजपेयी ने देश की जनता के सम्मुख विश्वास व्यक्त करते हुए कहा था कि "अंधेरा छटेगा, सूरज निकलेगा, कमल खिलेगा"। तानाशाही के विरोध में विकल्प बनी जनता पार्टी की सरकार के टूटने का यह समय था। देश में घोर निराशा थी, उस समय भारतीय जनता पार्टी का गठन होना राजनीतिक क्षितिज पर एक ऐतिहासिक घटना थी। हास्य एवं उपेक्षा की दृष्टि से देखने वाले तत्कालीन भाजपा विरोधियों के लिए 46 वर्षों में भाजपा अपना विस्तार कर विश्व का सबसे बड़ा दल बनी, यह आश्चर्यचकित करने वाला दृश्य है।

मुंबई में 6 अप्रैल 1980 को भारतीय जनता पार्टी का गठन हुआ। भारत के पश्चिमी तट पर खड़े होकर देश के लोकप्रिय नेता अटल बिहारी वाजपेयी ने देश की जनता के सम्मुख विश्वास व्यक्त करते हुए कहा था कि "अंधेरा छटेगा, सूरज निकलेगा, कमल खिलेगा"। तानाशाही के विरोध में विकल्प बनी जनता पार्टी की सरकार के टूटने का यह समय था। देश में घोर निराशा थी, उस समय भारतीय जनता पार्टी का गठन होना राजनीतिक क्षितिज पर एक ऐतिहासिक घटना थी। हास्य एवं उपेक्षा की दृष्टि से देखने वाले तत्कालीन भाजपा विरोधियों के लिए 46 वर्षों में भाजपा अपना विस्तार कर विश्व का सबसे बड़ा दल बनी, यह आश्चर्यचकित करने वाला दृश्य होगा।

14 करोड़ से अधिक प्राथमिक सदस्यों, सर्वाधिक सांसदों- विधायको एवं पंचायत-स्थानीय निकायों में चुने हुए जनप्रतिनिधियों वाली पार्टी, देश के बड़े हिस्से पर सत्ता के माध्यम से देश की सेवा कर रही है। राष्ट्र प्रथम के भाव से प्रेरित असंख्य कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम, कुशल एवं लोकप्रिय नेतृत्व, गरीब कल्याण की योजनाओं एवं स्पष्ट नीति के कारण भाजपा 140 करोड़ देशवासियों की आकांक्षा पूर्ति का माध्यम बनी है। प्रथम संस्थापक अध्यक्ष अटल बिहारी वाजपेयी से प्रारंभ होकर 11 अध्यक्षों ने भारतीय जनता पार्टी का नेतृत्व किया है। 12वें अध्यक्ष के रूप में नितिन नवीन वर्तमान में पार्टी का नेतृत्व कर रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी की कार्यपद्धति का परिणाम है कि उसने प्रदेशों एवं देश को ऐसा नेतृत्व प्रदान किया, जो राजनीतिक आकाश में नक्षत्र के समान है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज विश्व के सबसे लोकप्रिय नेता स्थापित हुए हैं। स्वतंत्रता के पश्चात राजनीतिक क्षेत्र में विचारधारा के आधार पर अनेक राजनीतिक दल सक्रिय हुए थे। आज के परिदृश्य में विचार की बड़ी-बड़ी बातें करने वाले दलों का येन-केन-प्रकारेण सत्ता प्राप्ति ही केवल एक विचार रह गया है। कांग्रेस सहित अनेक दल अब वामपंथी विचार पोषित अर्बन नक्सलवाद के शिकंजे में ही फंस गए हैं। कुछ राजनीतिक दल एवं नेता जहां वैचारिक दिवालियापन का शिकार है, वहीं भाजपा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के अदम्य साहस एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय द्वारा प्रस्थापित एवं भारतीय जनसंघ के समय से स्वीकृत विचार को लेकर सक्रिय है। यह विचार भारत सहित संपूर्ण विश्व में अंगीकृत हो रहा है। भाजपा के इस वैशिष्टय के संबंध में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि "हम राजनीतिक क्षेत्र में संगठन आधारित दल, हमारा संगठन कार्यकर्ता आधारित एवं कार्यकर्ता विचार आधारित है।"अपने व्यवहार में लोकतांत्रिक मूल्यों का पालन करने वाली भारतीय जनता पार्टी ही एकमात्र पार्टी है, जिसने अपने संगठन में महिलाओं, युवाओं तथा समाज के सभी वर्गों को उचित स्थान प्रदान किया है। भाजपा कार्यकर्ताओं में विचार, व्यवहार में सेवा, समाज के प्रति संवेदनशीलता जागृत करने के प्रशिक्षण महाभियान चला रही है। आपातकाल के विरोध के समय इसी लोकतांत्रिक आदर्श को चरितार्थ करने का कार्य इसी दल के नेतृत्व द्वारा हुआ था। इसके विपरीत अन्य दल परिवारवादी समूह बनते जा रहे हैं। हम राजनीतिक क्षेत्र में केवल सत्ता प्राप्ति के लिए नहीं वरन् समाज की सेवा के लिए है, यह केवल नारा नहीं भाजपा



कार्यकर्ताओं ने अपने व्यवहार में चरितार्थ किया है। कोरोना महामारी में पार्टी के कार्यकर्ता अपने प्राणों की बाजी लगाकर पीड़ितों की सेवा के लिए सक्रिय हो गए थे। भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा 10 करोड़ लोगों को राशन, मास्क, दवाइयां वितरित कर मानव सेवा का अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया है। अपने आदर्श वाक्य "सबका साथ-सबका विकास" के आधार पर सभी की सेवा एवं न्याय दिलाने के लिए भाजपा सदैव सक्रिय रहती हैं। महिला सम्मान के लिए शाह बानो केस के समय सक्रियता, तीन तलाक के विरोध में कानून, महिलाओं को लोकतन्त्र में यथोचित प्रतिनिधित्व, सभी के कल्याण की योजनाएं इसके जीवंत प्रमाण हैं। संविधान की भावना एवं सर्वोच्च न्यायालय के आदेश का पालन करते हुए समान नागरिक संहिता को लागू करने के लिए भाजपा नेतृत्व वाले अनेक प्रदेश सक्रिय हैं। देश की आवश्यकता पड़ने पर रचनात्मक विपक्ष का व्यवहार यह भाजपा नेतृत्व से सीखा जा सकता है। आज का विपक्ष सत्ताधारी दल का विरोध करते-करते देश विरोधी जैसा व्यवहार करने लगा है। 1971 का युद्ध, जेनेवा मिशन (1994) एवं आर्थिक सुधार आदि देशहित के मुद्दों पर आदर्श विपक्ष का व्यवहार भाजपा नेतृत्व ने करके दिखाया है। अपनी सीमाओं एवं आंतरिक सुरक्षा जैसे मुद्दों पर भाजपा सदैव सजग रही है। परमाणु बम का विस्फोट, स्वदेशी रक्षा उत्पाद, सेना का आधुनिकीकरण आदि की दृष्टि से भाजपा ने अपना प्रभावी पक्ष सदैव समाज के सम्मुख रखा है। इसी संकल्प पूर्ति हेतु मोदी सरकार ने रक्षा क्षेत्र में विश्वसनीय पहल की है। आतंक पर जीरो टोलरेंस एवं नक्सलवाद से मुक्ति ने देश की जनता में यह विश्वास जगाया है कि भारत सुरक्षित हाथों में है।भारतीय जनसंघ के काल से ही भाजपा राष्ट्रीय एकात्मता एवं सीमाओं की सुरक्षा के व्यापक परिदृश्य को सुदृढ़ करने का कार्य करती आ रही है। धारा 370 के विरुद्ध आंदोलन, चीनी विस्तारवाद का विरोध, गोवा व दमन-दीव मुक्ति, बेरुबाड़ी हस्तांतरण के विरोध से लेकर 1975 के आपातकाल विरोधी आंदोलन तक-इन सभी में भाजपा की विचारधारा का लोकतांत्रिक इतिहास में अतुलनीय योगदान है। छद्म धर्मनिरपेक्षता का विरोध करते हुए सांस्कृतिक गौरव के प्रतीक भगवान श्रीराम के भव्य मंदिर निर्माण के आंदोलन में सहभागिता एवं निर्मिति की पूर्ति ने भारतीय जनता पार्टी को जन-जन की पार्टी बना दिया है। भ्रष्टाचार मुक्त विकास, गरीब कल्याण (अंत्योदय) आदि भाजपा के सिद्धांत मूल्य आधारित राजनीति का प्रकटीकरण है। भाजपा ने संविधान दिवस मनाकर देश में संविधान के प्रति निष्ठा एवं डॉक्टर बाबा साहेब आंबेडकर द्वारा निर्देशित मूल्यों का समाज में प्रचार किया है।"एक भारत-श्रेष्ठ भारत",सांस्कृतिक राष्ट्रवाद एवं देश की एकात्मता का पोषण करने वाला अभियान है। जहां अन्य दल धर्म निरपेक्षता के नाम पर भारतीय संस्कृति, विचार एवं गौरव को लांक्षित करने का कार्य कर रहे हैं, वहां भाजपा नेतृत्व ने सांस्कृतिक गौरव को बढ़ाने का कार्य किया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कथन कि "हम चुनाव जीतने के लिए केवल घोषणा नहीं करते, देश के विकास के लिए आवश्यक नीतियां बनाते हैं।" इस आदर्श वाक्य ने भाजपा नेतृत्व की कथनी-करनी की एकरूपता को प्रकट किया है। भारत माता की जय का उद्घोष, संपूर्ण वंदे मातरम् एवं राष्ट्रगान का गायन भाजपा की पहचान ही बन गया है। भाजपा के लिए गौरव का विषय है कि उसे देश की भावनाओं एवं आकांक्षाओं को पूर्ण करने का अवसर मिल रहा है। लाखों भाजपा कार्यकर्ताओं से आह्वान है कि स्थापना दिवस के अवसर पर देश के करोड़ों नागरिकों के सहयोग से अपने लक्ष्य वैभव पूर्ण विकसित भारत बनाने में सक्रिय हो।

(लेखक भाजपा के राष्ट्रीय सह महामंत्री (संगठन) हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

## चुनौतियां
डॉ. जयंतीलाल भंडारी




# भारत आर्थिक व उन्नत परमाणु शक्ति बने

यकीनन इस समय पश्चिम एशिया सहित पूरी दुनिया में बढ़ते हुए युद्ध के दौर के बीच भारत की सीमाएं बढ़ती भूराजनीतिक चुनौतियों के मद्देनजर पहले से अधिक संवेदनशील हो गई हैं। हाल ही में अमेरिका की नेशनल इंटेलिजेंस डायरेक्टर तुलसी गबार्ड के द्वारा प्रस्तुत 'एनुअल थ्रेट असेसमेंट' रिपोर्ट 2026 में कहा गया है कि इस समय पाकिस्तान के द्वारा किया जा रहा परमाणु और पारंपरिक हथियारों का विस्तार भारत सहित दक्षिण एशिया और अमेरिका के लिए भी बड़ा खतरा बन गया है। ऐसे में भारत के लिए आर्थिक शक्ति के साथ उन्नत परमाणु हथियारों से सुसज्जित मजबूत सैन्य शक्ति बनने की आवश्यकता उभरकर दिखाई दे रही है। बोस्टन कंसल्टिंग ग्रुप (बीसीजी) ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि भारत तेज रफ्तार से विकास करते हुए वर्ष 2030 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकता है, वहीं संसदीय रक्षा समिति की रिपोर्ट में भविष्य के युद्धों में भारत की निर्णायक भूमिका के मद्देनज़र देश को स्वदेशी ड्रोन और ड्रोन रोधी तकनीकों का हब बनाए जाने की जरूरत बताई गई है। गौरतलब है कि भारत के पड़ोस में पाकिस्तान के द्वारा आधुनिक चीनी हथियारों से आतंक और घुसपैठ को प्रश्रय और चीन की ओर से सीमा पर आपत्तिजनक गतिविधियां भारत के लिए चुनौतीपूर्ण हो गई हैं। जहां लद्दाख में चीन ने भारतीय क्षेत्र के कुछ भागों पर कब्जा कर रखा है, वहीं अब चीन की नजर कराकोरम दर्रे पर भी है। जहां चीन वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर पकड़ मजबूत करने की राह पर आगे बढ़ा है, वहीं वह हिंद महासागर में 'स्ट्रिंग ऑफ पर्ल्स' के जरिए भारत को घेरते हुए दिखाई दे रहा है। पिछले वर्ष 2025 में भारत के पाकिस्तान को पहलगाम आतंकी हमले का जवाब देने के मद्देनजर जब 7 मई से ऑपरेशन सिंदूर चलाया था, तब पाकिस्तान का साथ देने के लिए चीन, तुर्किये और अजरबैजान का खतरनाक गठजोड़ सामने आया था। 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान चीन ने पाकिस्तान को साइबर सपोर्ट, उपग्रह के जरिए खुफिया जानकारी उपलब्ध कराई थी। अब पाकिस्तान के द्वारा चीन के सहयोग से परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम अंतर महाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल जैसे हथियार विकसित किए जा रहे हैं। पाकिस्तान ने सऊदी अरब के साथ रक्षा समझौता भी किया है। यह पूरा परिदृश्य भारत के लिए दशकों से चली आ रही शांतिप्रियता की नीति में आमूलचूल बदलाव की जरूरत बता रहा है। निसंदेह कई दशकों से भारत पंचशील के वाहक देश के रूप में विदेशी आतंक और विदेशी अतिक्रमणों को भी धैर्यपूर्वक सहन करने की मानसिकता के साथ आगे बढ़ता रहा है, लेकिन हाल ही के वर्षों में ऐसी मानसिकता में बहुत कुछ बदलाव आया है। निसंदेह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मुताबिक पिछले 12 वर्षों में सरकार ने एक ओर आर्थिक तो दूसरी ओर सामरिक क्षेत्र को मजबूत बनाया है। भारत ने आतंकवाद के प्रति कठोर नीति अपनाई है। आपरेशन सिंदूर के तहत भारतीय सेना ने महज 22 मिनट में स्वदेशी हथियारों से दुश्मन को घुटने टेकने पर मजूबर कर दिया था। अब भारत को यह दृढ़ता से स्वीकार करना होगा कि भारत के साथ पड़ोसियों के टकराव की स्थिति और बढ़ सकती हैं। ऐसे में भारत के लिए तेज आर्थिक विकास के साथ युद्ध के लिए अर्थव्यवस्था को तैयार करने, मजबूत सैन्य शक्ति व उन्नत परमाणु शक्ति संपन्न देश बनने के लिए रणनीतिक कदमों के साथ आगे बढ़ना जरूरी दिखाई दे रहा है। इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि पश्चिम एशिया में युद्ध के बीच भी भारत अपने बहुआयामी आर्थिक आधारों से अर्थव्यवस्था को तेज गिरावट से बचाए हुए है। अभी भी भारत की अर्थव्यवस्था दूसरे देशों के मुकाबले तेज गति से बढ़ती अर्थव्यवस्था है। दुनिया की क्रेडिट रेटिंग एजेंसियाँ चालू वित्त वर्ष में भारत की विकास दर के 6.5 फीसदी होने संबंधी अनुमान प्रस्तुत कर रही हैं। भारत का मजबूत घरेलू बाजार, सरकार के भारी पूंजीगत व्यय, रिकॉर्ड खाद्यान्न उत्पादन और विदेशी मुद्रा भंडार में 680 अरब डॉलर से अधिक का संचय युद्ध की मुश्किलों के बीच भारत का सहारा है। साथ ही भारत को बाहरी आर्थिक झटकों को झेलने की मजबूत स्थिति में बनाए हुए है। अभी देश को तीसरी बड़ी आर्थिकी व आर्थिक शक्ति बनाने के लिए रफ्तार से बढ़ना होगा। उम्मीद करें कि भारत की सीमाओं पर बढ़ती भू राजनीतिक चुनौतियों के मद्देनजर सरकार भारत को दुनिया की तीसरी बड़ी आर्थिक शक्ति और तीसरी बड़ी सैन्य शक्ति के साथ-साथ उन्नत परमाणु शक्ति बनाने की राह पर तेजी से आगे बढ़ेगी और इस अभियान में देश के वैज्ञानिक, तकनीकी विशेषज्ञ, उद्यमी-कारोबारी और पूरे देश का जनबल एकजुटता से कदम आगे बढ़ाते हुए दिखाई देगा।

(लेखक प्रसिद्ध अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## प्रेम क्या है



संकलित
**दर्शन**

प्रेम कोई क्रिया नहीं है। 'मैं' भी प्रेम है और 'तुम' भी प्रेम हो। प्रेम वह तत्त्व है जिससे हम सब बने हैं। यह एक अवस्था है, कोई कार्य नहीं। जब हम वर्तमान में होते हैं, तब हमारा मन स्वच्छ होता है-न क्रोध, न चिंता, बस प्रेम होता है। छोटे बच्चों को देखो-उनके चेहरे पर कितना निर्मल प्रेम होता है! बच्चे आकर्षक क्यों होते हैं? क्योंकि वे अपने भीतर के प्रेम को बिना किसी अवरोध के बाहर लाने देते हैं। यही कारण है कि यीशु ने कहा था- "जब तक तुम बच्चों जैसे नहीं बनते, तब तक स्वर्ग के द्वार तुम्हारे लिए नहीं खुलते।" बच्चे एक पल रोते हैं, और अगले ही पल हँस पड़ते हैं- यह है वर्तमान में जीने की कला। हम सबमें यह क्षमता है लेकिन जैसे-जैसे हम 'बुद्धिमान' होते जाते हैं, हम अपनी मासूमियत खो देते हैं। आत्मज्ञान का अर्थ है-मासूमियत को बनाए रखते हुए ज्ञान में बढ़ना। एक अज्ञानी व्यक्ति मासूम हो सकता है, लेकिन उसकी मासूमियत का कोई मूल्य नहीं होता। एक चतुर व्यक्ति चालाक हो सकता है, पर उसकी बुद्धिमत्ता में करुणा न हो तो वह भी व्यर्थ है। जीवन की सबसे सुंदर अवस्था है-जब व्यक्ति बुद्धिमान हो, लेकिन फिर भी भीतर से मासूम बना रहे। यह जीवन में बहुमूल्य है। जीवन की सबसे सुंदर अवस्था यह है कि हम बुद्धिमान बनें, पर भीतर से बच्चे जैसे सरल और निष्कलुष बने रहें। आज की भागदौड़ भरी जीवन में हम सब सफल, समझदार, प्रभावशाली बनना चाहते हैं लेकिन इस दौड़ में कहीं हमारी सरलता, सहजता और वह निर्मल मुस्कान पीछे छूट गई है।

## एक सत्संग ऐसा भी



संकलित
**प्रेरणा**

एक सेठ और सेठानी रोज सत्संग में जाते थे। सेठजी के घर एक पिंजरे में तोता पाला हुआ था। तोता एक दिन पूछता हैं कि सेठजी आप रोज कहाँ जाते है। सेठजी बोले कि, सत्संग में ज्ञान सुनने जाते है। तोता कहता है, सेठजी संत महात्मा से एक बात पूछना कि में आजाद कब होऊंगा। सेठजी सत्संग खत्म होने के बाद संत से पूछते है कि महाराज हमारे घर जो तोता है उसने पूछा हैं की वो आजाद कब होगा? संत जी ऐसा सुनते हीं बेहोश होकर गिर जाते है। घर आते ही तोता सेठजी से पूछता है कि सेठजी संत ने क्या कहा। सेठजी कहते है तेरी आजादी का पूछते ही वो बेहोश हो गए। दूसरे दिन सेठजी सत्संग में जाने लगते है तब तोता पिंजरे में जानबूझ कर बेहोश होकर गिर जाता हैं। सेठजी उसे मरा हुआ मानकर जैसे हीं उसे पिंजरे से बाहर निकालते है, तो वो उड़ जाता है। सत्संग जाते ही संत सेठजी को पूछते है कि कल आप उस तोते के बारे में पूछ रहे थे ना अब वो कहाँ हैं। सेठजी कहते हैं, हाँ महाराज आज सुबह-सुबह वो जानबुझ कर बेहोश हो गया , मैंने देखा की वो मर गया है इसलिये मैंने उसे जैसे ही बाहर निकाला तो वो उड़ गया। तब संत ने सेठजी से कहा की देखो तुम इतने समय से सत्संग सुनकर भी आज तक सांसारिक मोह-माया के पिंजरे में फंसे हुए हो और उस तोते को देखो बिना सत्संग में आये मेरा एक इशारा समझ कर आजाद हो गया।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### ट्रंप और ईरान की जिद्द दुनिया को ले डूबेगी

अमरीका के राष्ट्रपति ट्रंप ने ईरान को धमकी दी है कि वो उसे पाषाण युग में पहुंचा देंगे। पाषाण युग वो समय था जब मनुष्य पत्थर के हथियारों का प्रयोग करता था। यह युग लगभग 25 लाख वर्ष पहले का युग माना जा सकता है। पत्थरों के हथियारों से उतना नुकसान नहीं होता था जितना आज के आधुनिक हथियारों से हो सकता है। आज के हथियार तो संपूर्ण प्राणी जाति को नष्ट करने वाले हैं। अगर अमरीका और ईरान अपनी ईगो के कारण युद्ध समाप्त नहीं करते हैं, तो यह किसी एक ही देश के लिए नुकसानदायक नहीं, बल्कि सारी दुनिया के लिए हानिकारक सिद्ध हो सकता है, और पर्यावरण को भी भारी नुकसान पहुंचा सकता है, क्योंकि परमाणु हथियार बहुत ही हानिकारक हैं। – *युक्ता, रोहतक*

## ट्रेंड

### असम में शांति

10 साल पहले बम, बंदूक, भ्रष्टाचार और आतंकवादियों की सरकार होती थी। जहां दंगों और कर्फ्यू की खबरें आती थी। प्रधानमंत्री मोदी जी के मार्गदर्शन में असम स्थायी और शांति के साथ आगे बढ़ रहा है।
-जेपी नड्डा, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री



### राष्ट्रीय पुनर्निर्माण

हम सत्ता के स्वर्ण शिखर पर बैठने के लिए राजनीति नहीं करते। हमारी राजनीति राष्ट्रीय पुनर्निर्माण के लिए, जनता के कल्याण के लिए, बहनों के सशक्तिकरण के लिए और दरिद्र नारायण की सेवा के लिए है।
- शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय कृषि मंत्री



### सबसे भ्रष्ट मुख्यमंत्री

हिमंता सरमा देश के सबसे भ्रष्ट और सबसे सांप्रदायिक मुख्यमंत्री हैं। हिमंता सरमा ने असम की जनता को धोखा दिया है और गुमराह किया है - इसका सबूत जनता के सामने है। असम की जनता उनके भ्रष्टाचार को कभी माफ नहीं करेगी, उनको सज़ा मिलनी तय है।
- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस



### लागत पर दबाव


भू- राजनीतिक तनावों के कारण कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों से भारत में उत्पादकों की लागत पर दबाव पड़ रहा है और यदि यह स्थिति मध्यम अवधि तक बनी रहती है, तो इसका असर उपभोक्ताओं पर भी पड़ने की संभावना है।
-स्वामीनाथन पद्मनाभन, उद्यमी



## करंट अफेयर

# ऑक्सफोर्ड विवि 'शिक्षापत्री' का द्विशताब्दी समारोह मना रहा

ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के बोडलियन पुस्तकालय ने विश्व के सबसे महत्वपूर्ण और दुर्लभ हिंदू धर्मग्रंथों में से एक 'शिक्षापत्री' की 200वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में पूरे ब्रिटेन में एक ऐतिहासिक यात्रा की शुरुआत की है। पांडुलिपि की यात्रा इसकी रचना के 200 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में इस वर्ष के प्रारंभ में शुरू हुई। इस पांडुलिपि को स्वामीनारायण पंथ के नेताओं के सहयोग से देश भर के प्रमुख मंदिरों में ले जाया जाएगा ताकि अनुमानित तौर पर 20,000–30,000 लोग इस पवित्र ग्रंथ का दर्शन कर सकें। गुजरात के वडताल में सहजानंद स्वामी–भगवान स्वामीनारायण द्वारा 1826 में रचित 'शिक्षापत्री' नैतिक और आध्यात्मिक जीवन जीने के लिए एक मार्गदर्शक के रूप में काम करती है। बोडलियन में एशियाई और मध्य पूर्वी संग्रह की क्यूरेटर डॉ. गिलियन एविसन ने कहा, ''ब्रिटेन भर के मंदिरों और समुदायों के साथ इस ऐतिहासिक पांडुलिपि को साझा करके, बोडलियन पुस्तकालयों को उम्मीद है कि वे इसके सांस्कृतिक महत्व और इसके स्थायी संदेश दोनों का सम्मान करेंगे।' उन्होंने कहा, 'रचना के दो शताब्दी बाद भी, 'शिक्षापत्री' में करुणा, नैतिक जीवन और सामाजिक सद्भाव का आह्वान जटिल होती दुनिया में प्रासंगिक है।'



## ऑफ बीट

# जानें कुछ ब्लैक होल दूसरों से बड़े क्यों



ब्लैक होल घने खगोलीय पिंड होते हैं, जिनका गुरुत्वाकर्षण इतना मजबूत होता है कि कुछ भी खुद में समेट लेते हैं, यहां तक कि प्रकाश भी, इससे बच नहीं सकता है। जो कुछ भी ब्लैक होल के गुरुत्वाकर्षण प्रभाव की सीमा को पार करेगा, वह ब्लैक होल में गिर जाएगा। इस गहरे, घने गड्ढे के अंदर, इसे फिर कभी नहीं देखा जा सकेगा। ब्लैक होल ब्रह्मांड में यहां–वहां फैले रहते हैं। हमारी आकाशगंगा जैसी आकाशगंगाओं में कुछ छोटे ब्लैक होल बेतरतीब ढंग से बिखरे हुए हैं। अन्य विशाल ब्लैक होल, जिन्हें 'सुपरमैसिव' ब्लैक होल कहा जाता है, आकाशगंगाओं के केंद्र में स्थित हैं। इनका वजन हमारे सूर्य के द्रव्यमान से दस लाख से एक अरब गुना तक हो सकता है। तो आप सोच रहे होंगे : खगोलशास्त्री संभवत : इतनी अंधेरी और इतनी बड़ी चीज़ कैसे देख सकते हैं? मैं एक खगोलशास्त्री हूं जो हमारे ब्रह्मांड में बने पहले सुपरमैसिव ब्लैक होल का अध्ययन करता है। मैं यह समझना चाहता हूं कि ब्लैक होल कैसे बनते हैं और वे किस प्रकार के खगोलीय माहौल में विकसित होते हैं। दो प्रसिद्ध वैज्ञानिकों, अल्बर्ट आइंस्टीन और कार्ल श्वार्ज़चाइल्ड ने सबसे पहले ब्लैक होल का विचार प्रस्तुत किया था।

**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# डेविड, पाटीदार और पडीक्कल का धमाल आरसीबी ने सीएसके को 43 रन से हराया

एजेंसी ▸▸ बेंगलुरु


रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने टिम डेविड (नाबाद 70), देवदत्त पडीक्कल (50 रन) के अर्धशतकों के बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से रविवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के टी20 मैच में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) को 43 रन से शिकस्त दी। यह सीएसके की लगातार तीसरी हार है जिसके कप्तान रूतुराज गायकवाड़ ने टॉस जीतकर आरसीबी को बल्लेबाजी का न्योता दिया। आरसीबी ने डेविड और पडीक्कल के अलावा कप्तान रजत पाटीदार की नाबाद 48 रन और फिल सॉल्ट की 46 रन की पारी से तीन विकेट पर 250 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। पडिक्कल (29 गेंद, पांच चौके, दो छक्के) और डेविड (25 गेंद, तीन चौके, आठ छक्के) ने धमाकेदार हिटिंग का प्रदर्शन करते हुए सीएसके के बेबस गेंदबाजों की जमकर धुनाई की। कप्तान पाटीदार की 19 गेंद की पारी में एक चौका और छह छक्के जड़े थे। सॉल्ट ने 30 गेंद का सामना करते हुए तीन चौके और दो छक्के जमाए। जवाब में सीएसके की टीम शीर्ष क्रम के चरमराने से उबर नहीं सकी और सरफराज खान के 50 रन के बावजूद 19.4 ओवर में 207 रन पर सिमट गई। उसके लिए सरफराज के अलावा प्रशांत वीर ने 43 रन और जेमी ओवरटन ने 37 रन बनाए। आरसीबी के लिए भुवनेश्वर कुमार सबसे सफल गेंदबाज रहे जिन्होंने चार ओवर में 41 रन देकर तीन विकेट चटकाए। जैकब डफी, कृणाल पंड्या और अभिनंदन सिंह ने दो दो विकेट प्राप्त किए। सूयश शर्मा को एक विकेट मिला।



# पंजाब किंग्स की जीत की रफ्तार पर ब्रेक लगाने उतरेगी कोलकाता नाइट राइडर्स

**आज शाम 7.30 बजे से कोलकाता में भिड़ेंगी रहाणे और अय्यर की टीमें**

एजेंसी ▸▸ कोलकाता





मुश्किलों में घिरी कोलकाता नाइट राइडर्स की टीम सोमवार को फॉर्म में चल रहे पंजाब किंग्स के खिलाफ जब मैदान पर उतरेगी तो उसकी नजरें जीत के साथ मौजूदा इंडियन प्रीमियर लीग सत्र में अपने अंकों का खाता खोलने पर टिकी होंगी। तीन बार की चैंपियन टीम अपने शुरुआती संघर्ष के लिए शीर्ष तेज गेंदबाजों पेसर मुस्ताफिजुर रहमान, हर्षित राणा, आकाश दीप और मथीशा पथिराना की गैरमौजूदगी को जिम्मेदार ठहरा सकती है लेकिन बड़ा मुद्दा टीम की गलत रणनीति है, जिसके कारण टीम ने अब तक अपने दोनों मैच गंवाए हैं। टीम को 2024 में उसे खिताब दिलाने वाले श्रेयस अय्यर को रिटेन (अपने साथ बरकरार रखना) नहीं करने का भी खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। अय्यर ने 2025 में अपनी अगुआई में पंजाब किंग्स को फाइनल में पहुंचाकर खुद को साबित किया है और तीन अलग-अलग फ्रैंचाइजी-दिल्ली कैपिटल्स (2020), नाइट राइडर्स (चैंपियन 2024) और पंजाब किंग्स (2025) - को फाइनल तक पहुंचाने वाले पहले कप्तान बने।

## खबर संक्षेप



### अरामको गोल्फ चैंपियनशिप : शीर्ष 20 में अदिति अशोक

**लास वेगास।** अदिति अशोक तीसरे दौर में चार ओवर 76 के खराब प्रदर्शन के साथ अरामको गोल्फ चैंपियनशिप में संयुक्त रूप से 20वें स्थान पर खिसक गईं। तीन दौर के बाद अदिति का कुल स्कोर पांच ओवर है। प्रतियोगिता में हिस्सा ले रही अन्य भारतीय खिलाड़ियों में प्रणवी उर्स ने तीसरे दौर में छह ओवर 78 जबकि अवनी प्रशांत ने नौ ओवर 81 का स्कोर बनाया। प्रणवी का कुल स्कोर 13 ओवर जबकि अवनी का 16 ओवर है। दोनों क्रमशः संयुक्त 69वें और संयुक्त 73वें स्थान पर चल रही हैं। इससे पहले दीक्षा डागर कट हासिल करने में नाकाम रहीं थी। अमेरिका की लॉरेन कॉफलिन ने तीसरे दौर में एक ओवर 73 के स्कोर से कुल सात अंडर के स्कोर के साथ बढ़त बरकरार रखी है।

### कोचर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पांचवें पोजीशन पर रहे



**चीबा।** भारत के करणदीप कोचर चौथे दौर के अंतिम लम्हों में बर्डी की हैट्रिक लगाकर इंटरनेशनल सीरीज गोल्फ टूर्नामेंट में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए संयुक्त रूप से पांचवें स्थान पर रहे। ऑस्ट्रेलिया के ट्रेविस स्मिथ ने अंतिम होल में ईगल के साथ खिताब जीता। कोचर ने अंतिम दिन बोगी रहित प्रदर्शन करते हुए चार अंडर 67 का स्कोर बनाया। उन्होंने चौथे, 16वें, 17वें और 18वें होल में बर्डी की और कुल 12 अंडर 272 का स्कोर बनाया। वह खिताब जीतने वाले स्मिथ से तीन शॉट पीछे रहे।

### अल गौना स्क्वाश में जीते अभय सिंह अनाहत बाहर



**नई दिल्ली।** भारत के अभय सिंह ने मिस्र के अल गौना में चल रही पीएसए प्लेटिनम प्रतियोगिता अल गौना ओपन के पुरुषों के एकल वर्ग के पहले दौर में मेजबान देश के दुनिया के 13वें नंबर के खिलाड़ी अली अबोउ एलीनन को 3-2 से हराया। दुनिया के 25वें नंबर के खिलाड़ी अभय ने शनिवार को एलीनन के खिलाफ 9-11, 11-8, 3-11, 11-4, 11-8 से जीत हासिल की। अब अभय का सामना मिस्र के ही छठे वरीय और दुनिया के सातवें नंबर के खिलाड़ी यूसुफ इब्राहिम से होगा। इस बीच महिला एकल में दुनिया की 20वें नंबर की भारतीय खिलाड़ी अनाहत सिंह को मिस्र की दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी हानिया अल हम्मामी ने पहले दौर में 11-8, 11-5, 9-11, 11-8 से हरा दिया।

**सनराइजर्स ने 30 रनों के अंदर 4 विकेट गंवाए**

## लखनऊ सुपर जायंट्स ने सनराइजर्स हैदराबाद को पांच विकेट से हराया

# पंत की शानदार पारी, लखनऊ ने हैदराबाद को दी करारी शिकस्त

एजेंसी ▸▸ हैदराबाद

लखनऊ सुपर जायंट्स ने इंडियन प्रीमियर लीग टी20 मैच में रविवार को सनराइजर्स हैदराबाद को पांच विकेट से हराया। एसआरएच को 9 विकेट पर 156 रन पर रोकने के बाद एलएसजी ने 19.5 ओवर में पांच विकेट पर 160 रन बनाकर जीत हासिल की। कप्तान ऋषभ पंत ने एलएसजी के लिए 50 गेंदों में सबसे ज्यादा 68 रन की नाबाद पारी खेली। एडेन मारक्रम ने 45 रन का योगदान दिया। एसआरएच के लिए हर्ष दुबे ने दो, जबकि इशान मलिंगा और शिवांग कुमार ने एक-एक विकेट लिया।



### मोहम्मद शमी ने तोड़ा जहीर खान का रिकॉर्ड

आईपीएल 2026 के 10वें मैच में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ लखनऊ के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने क्या कमाल की गेंदबाजी की। शमी ने हैदराबाद के खिलाफ 4 ओवर में 9 रन दिए और 2 विकेट हासिल किए और उनका इकॉनामी रेट 2.20 का रहा। शमी ने अपने दोनों विकेट पावरप्ले के दौरान लिए और वो अब आईपीएल में पावरप्ले के दौरान सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाजों की लिस्ट में 7वें नंबर पर आ गए और जहीर खान से आगे निकल गए। शमी ने आईपीएल में अब तक पावरप्ले में कुल 54 विकेट लिए हैं जबकि जहीर खान ने कुल 52 विकेट लिए थे। आईपीएल में पावरप्ले में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार हैं, जिन्होंने कुल 79 विकेट लिए हैं जबकि दूसरे नंबर पर मौजूद ट्रेंट बोल्ट 72 विकेट ले चुके हैं। इस लिस्ट में तीसरे नंबर पर दीपक चाहर हैं, जिन्होंने 67 विकेट लिए हैं जबकि चौथे नंबर पर 62 विकेट के साथ संदीप शर्मा मौजूद हैं। उमेश यादव इस लिस्ट में 58 विकेट के साथ 5वें स्थान पर हैं।

### सनराइजर्स हैदराबाद ने रचा इतिहास

लखनऊ सुपर जाएंट्स के खिलाफ सनराइजर्स हैदराबाद के बल्लेबाज भले ही कमाल नहीं कर पाए हो लेकिन फिर भी टीम ने इतिहास रच दिया। दरअसल, इस मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद ने 30 रनों के अंदर 4 विकेट गंवा दिए थे। इसके बाद भी सनराइजर्स हैदराबाद ने 156 रन बना दिए। इसके साथ ही हैदराबाद के नाम एक बड़ा रिकॉर्ड हो गया है। आईपीएल के इतिहास में 30 रनों के अंदर 4 विकेट गिरने के बाद इतना बड़ा रिकॉर्ड बनाने वाली हैदराबाद पहली टीम बन गई है। इससे पहले आईपीएल में 30 रनों के अंदर 4 विकेट गंवाने के बाद सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड गुजरात टाइटंस के नाम था।

### नीतीश-क्लासेन के नाम दर्ज हुआ बड़ा रिकॉर्ड

26 रनों के स्कोर पर 4 विकेट खोकर मुश्किल में नजर आ रही सनराइजर्स हैदराबाद की पारी को नीतीश कुमार रेड्डी और हेनरिक क्लासेन ने संभाला। दोनों ने पांचवें विकेट के लिए 116 रनों की साझेदारी निभाई। यह आईपीएल इतिहास में एसआरएच की ओर से पांचवें विकेट या उससे निचले क्रम के बल्लेबाजों द्वारा की गई सबसे बड़ी साझेदारी है। क्लासेन ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए 41 गेंदों में 5 चौके और 2 छक्कों की मदद से 62 रन बनाए। वहीं, नीतीश भी बेहतरीन लय में दिखाई दिए और उन्होंने 33 गेंदों में 56 रन बनाए।

### स्कोर बोर्ड

| सनराइजर्स हैदराबाद | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| हेड का मारक्रम बो शमी | 07 | 8 | 1 | 0 |
| अभिषेक का सिद्धार्थ बो शमी | 00 | 2 | 0 | 0 |
| इशान किशन बो प्रिंस | 01 | 4 | 0 | 0 |
| लिविंगस्टोन का पंत बो राठी | 14 | 24 | 0 | 1 |
| क्लासेन का पंत बो आवेश | 62 | 41 | 5 | 2 |
| रेड्डी का प्रिंस बो सिद्धार्थ | 56 | 33 | 3 | 5 |
| अनिकेत वर्मा नाबाद | 02 | 5 | 0 | 0 |
| हर्ष दुबे बो आवेश | 00 | 1 | 0 | 0 |
| शिवांग कुमार बो प्रिंस | 05 | 4 | 1 | 0 |
| पटेल रन आउट पंत | 04 | 2 | 1 | 0 |

**अतिरिक्त:** 05 कुल योग: (20 ओवर में नौ विकेट पर) 156 रन
**गेंदबाजी :** शमी 4-0-9-2, राठी 4-0-46-1, प्रिंस 4-0-34-2, सिद्धार्थ 4-0-29-1, आवेश 4-0-36-2,

| लखनऊ सुपर जायंट्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| मारक्रम का लिविंगस्टोन बो शिवांग | 45 | 27 | 6 | 2 |
| मिचेल मार्श का रेड्डी बो मलिंगा | 14 | 12 | 2 | 0 |
| ऋषभ पंत नाबाद | 68 | 50 | 9 | 0 |
| बडोनी स्टंप किशन बो हर्ष | 12 | 9 | 1 | 0 |
| निकोलस पूरन रन आउट | 01 | 4 | 0 | 0 |
| समद का लिविंगस्टोन बो दुबे | 16 | 12 | 2 | 0 |
| मुकुल चौधरी नाबाद | 02 | 5 | 0 | 0 |

**अतिरिक्त:** 02 कुल योग: (19.5 ओवर में पांच विकेट पर) 160 रन
**गेंदबाजी :** हर्ष 4-0-18-2, रेड्डी 1-0-14-0, उनादकट 3.5-0-50-0, मलिंगा 4-0-30-1, हर्षल 3-0-16-0, शिवांग 4-0-30-1.

## एशियन बॉक्सिंग चैंपियनशिप

# मीनाक्षी, जैस्मीन, लोकेश, हर्ष व आकाश सेमीफाइनल में पहुंचे


मिनाक्षी


जैस्मीन


आकाश

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक


हर्ष


लोकेश

एशियन बॉक्सिंग चैंपियनशिप में रविवार को खेले गए मैचों में देश के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल में प्रवेश करके अपना मेडल पक्का किया। यह प्रतियोगिता मंगोलिया के उलानबातर में आयोजित की जा रही है। वर्ल्ड की नंबर वन बॉक्सर और रोहतक की बेटी मीनाक्षी ने जापान की युका सदामत्सु को 5-0 से हराकर महिला वर्ग के 48 किलोग्राम वर्ग में अपना दबदबा कायम किया। उन्होंने तीखे पंचों और रणनीतिक रिंग सूझबूझ से मुकाबले पर पूरा नियंत्रण बनाए रखा। वहीं, जैस्मीन ने भी 57 किलोग्राम वर्ग में चीन की जियी चेन को 5-0 से हराकर यही सफलता दोहराई। इन दोनों जीतों के साथ ही भारत की सभी यानी 10 महिला मुक्केबाजों ने सेमीफाइनल में प्रवेश करके पदक जीतने का मुकाम हासिल कर लिया है। भारतीय पुरुष टीम के छह मुक्केबाज सेमीफाइनल में पहुंच गए। लोकेश ने 85 किलोग्राम वर्ग में कोरिया के गिचाई किम पर 5-0 की शानदार जीत के साथ सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की की। लोकेश ने भी नियंत्रण और सटीकता का प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल में प्रवेश किया। आकाश ने तुर्कमेनिस्तान के ग्लस बग्टियारोव को 5-0 से हराया, वहीं हर्ष चौधरी ने भी किर्गिज गणराज्य के तिनिस्तान अलीबायेव को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। हालांकि, 80 किलोग्राम वर्ग में प्रतिस्पर्धा कर रहे अंकुश को जॉर्डन के हुसैन इशाइश से हारने के बाद प्रतियोगिता से बाहर होना पड़ा। हरियाणा बॉक्सिंग संघ अध्यक्ष मेजर सत्यपाल सिंधु ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी। उन्होंने आगे भी शानदार प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। कोच विजय हुड्डा ने भी विजेता खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया।

# टॉमी पॉल ने रचा इतिहास, पहली बार एटीपी क्ले फाइनल में पहुंचे

एजेंसी ▸▸ ह्यूस्टन

टॉमी पॉल ने ह्यूस्टन में यूएस मेन्स क्ले कोर्ट चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में फ्रांसिस टियाफो को हराकर अपने पहले एटीपी टूर क्ले फाइनल में जगह बनाई। अमेरिकी खिलाड़ी ने तीन सेट तक चले रोमांचक मुकाबले में 7-5, 4-6, 7-6(7) से जीत हासिल की।

■ पॉल ने रोमांचक मुकाबले में फ्रांसिस टियाफो को हराया

इस जीत के साथ, पॉल ने ह्यूस्टन में एटीपी 250 इवेंट में लगातार चौथे चैंपियनशिप मैच में पहुंचने की उम्मीदों को समाप्त कर दिया। मैच लगभग दो घंटे और 45 मिनट तक चला। मैच की शुरुआत पॉल ने बेहतरीन खेल से की और पहला सेट 7-5 से जीत लिया। टियाफो ने दूसरे सेट में जल्दी ब्रेक लेकर मुकाबले में वापसी की और सेट 6-4 से अपने नाम किया। मैच के दौरान 90 मिनट की बारिश की देरी ने पॉल के मोमेंटम को थोड़ा बाधित किया, लेकिन उन्होंने फिर भी मजबूती दिखाते हुए ब्रेक पॉइंट बचाया और सेट को अपने पक्ष में किया।



### टियाफो के साथ एक शानदार मुकाबला : पॉल

पॉल ने मैच के बाद कहा, जब मुझे जरूरत थी, मैंने अच्छा खेला। यह टियाफो के साथ एक शानदार मुकाबला था। वह हमेशा देखने में सबसे एंटरटेनिंग खिलाड़ियों में से रहे हैं। मुझे खुशी है कि हमें यह मैच यहां खेलने का मौका मिला।

## वैशाख ने किया 'वाइड यॉर्कर' और 'स्लो बाउंसर्स' से प्रभावित

**कोलकाता।** पंजाब किंग्स के तेज गेंदबाज विजयकुमार वैशाख इंडियन प्रीमियर लीग में अपनी गेंदबाजी में विविधता लाने के साथ लगातार 150 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गेंदबाजी करना चाहते हैं। दो मैच में पांच विकेट लेकर वैशाख ने पिछले सत्र के पांच मैच में लिए गए चार विकेट के मुकाबले इस सत्र में कहीं ज्यादा बेहतर प्रदर्शन किया है। उन्होंने 2023 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के साथ अपने आईपीएल सफर की शुरुआत की थी, जिसके बाद वह पंजाब किंग्स में शामिल हो गए। कर्नाटक के रहने वाले 29 वर्षीय वैशाख ने इस सत्र में अपनी 'वाइड यॉर्कर' और 'स्लो बाउंसर्स' से सभी को प्रभावित किया है। चेन्नई में चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ पिछले मैच में उन्होंने शानदार फॉर्म में चल रहे आयुष म्हात्रे और सरफराज खान को आउट करके विपक्षी टीम को पांच विकेट पर 209 रन पर रोक दिया था, जिसे उनकी टीम ने आसानी से हासिल कर लिया। पंजाब किंग्स वैशाख का इस्तेमाल मैच के तीन चरणों में कर रही है और यह तेज गेंदबाज इस चुनौती का भरपूर आनंद ले रहा है।

# आईएसएसएफ विश्व कप : दबदबा कायम करने उतरेंगे भारतीय निशानेबाज

एजेंसी ▸▸ ग्रेनाडा

भारतीय पिस्टल और राइफल निशानेबाज सोमवार से शुरू होने वाले सत्र के शुरुआती आईएसएसएफ विश्व कप में पिछले साल के अपने दबदबे वाले प्रदर्शन को जारी रखने के संकल्प के साथ उतरेंगे।


■ आज से शुरू होगी स्पर्धा

भारतीय पिस्टल और राइफल निशानेबाजों के लिए विश्व कप का पिछला सत्र शानदार रहा था, जहां उन्होंने लगभग हर प्रतियोगिता में दमदार प्रदर्शन करते हुए नए मानदंड स्थापित किए। मोरक्को में आयोजित शॉटगन विश्व कप में निराशाजनक शुरुआत के बाद भारतीय निशानेबाजों का सारा ध्यान पिस्टल और राइफल स्पर्धाओं पर केंद्रित है। भारत का पिस्टल और राइफल से जुड़ी स्पर्धाओं में पारंपरिक रूप से उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा है। टीम नए सिरे से जीत की मानसिकता के साथ प्रतिस्पर्धा करने के लिए उत्सुक होगी, जिसे ओलंपियन रिदम सांगवान, अंजुम मौदगिल और मेहुली घोष सहित देश के कुछ बेहतरीन निशानेबाजों की उपस्थिति से बल मिलेगा।

### मनु भाकर और सम्राट राणा की खलेगी कमी

टीम को हालांकि दो बार की ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर और विश्व चैंपियन सम्राट राणा के अनुभव की कमी खलेगी, क्योंकि वे दल का हिस्सा नहीं हैं। राष्ट्रीय महासंघ की रोटेशन नीति के तहत राष्ट्रीय टीम के सभी सदस्यों को हुनर दिखाने का मौका सुनिश्चित करने के लिए अनुभवी पिस्टल निशानेबाज भाकर, सुरुचि इंदर सिंह और सम्राट राणा सहित अन्य खिलाड़ी मई में म्यूनिख में होने वाले पिस्टल और राइफल विश्व कप में भाग लेंगे

## बार्सिलोना की एटलेटिको मैड्रिड पर जीत



**मैड्रिड।** बार्सिलोना ने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए ला लीगा फुटबॉल टूर्नामेंट में 10 खिलाड़ियों के साथ खेल रहे एटलेटिको मैड्रिड को 2-1 से हराकर खिताब जीतने की ओर मजबूत कदम बढ़ाए। मालोर्का में रियाल मैड्रिड की 1-2 की हार ने बार्सिलोना की स्थिति और मजबूत कर दी। बार्सिलोना और एटलेटिको की टीम अब चैंपियन्स लीग के क्वार्टर फाइनल में भी दो बार भिड़ेंगी। बार्सिलोना की ओर से रॉबर्ट लेवानदोवस्की ने 87वें मिनट में विजयी गोल दागा। बार्सिलोना की यह सभी प्रतियोगिताओं में पिछले नौ मैच में आठवीं जीत है और टीम ने ला लीगा तालिका के शीर्ष पर रियाल मैड्रिड पर सात अंक की बढ़त बना ली है। बार्सिलोना के 30 मैच में 76 जबकि दूसरे स्थान पर चल रहे मैड्रिड के इतने ही मैच में 69 अंक हैं।

## मैनचेस्टर सिटी ने लीवरपूल को दी शिकस्त



**लंदन।** दूसरे टियर की टीम साउथम्पटन ने एफए कप फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रीमियर लीग में शीर्ष पर चल रहे आर्सेनल को हरा दिया जबकि मैनचेस्टर सिटी ने एर्लिंग हैलेंड की हैट्रिक से लीवरपूल को 4-0 से शिकस्त दी।

इंग्लिश लीग कप के फाइनल में सिटी के खिलाफ हार के बाद आर्सेनल ने 85वें मिनट में गोल गंवाकर साउथम्पटन को जीत दर्ज करने का मौका दिया और संभवतः एक और खिताब जीतने का मौका गंवा दिया। दूसरी तरफ सिटी के पास मौजूदा सत्र में दोहरा खिताब जीतने का शानदार मौका है। टीम ने लीवरपूल को हराकर रिकॉर्ड लगातार आठवीं बार एफए कप सेमीफाइनल में जगह सुनिश्चित की। चेल्सी ने भी तीसरे टियर की टीम पोर्ट वेल को 7-0 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

## बायर्न म्यूनिख ने फ्रीबर्ग को हराया



**म्यूनिख।** लेनार्ट कार्ल ने अतिरिक्त समय के नौवें मिनट में गोल करके बायर्न म्यूनिख को फ्रीबर्ग पर 3-2 से जीत दिलाई और टीम को बुंदेसलीगा फुटबॉल खिताब की दौड़ में शीर्ष पर बनाए रखा। फ्रीबर्ग 81वें मिनट तक 2-0 से आगे था और उलटफेर भरी जीत की ओर बढ़ रहा था लेकिन बायर्न के युवा मिडफील्डरों ने मैच का रुख बदल दिया। बीस साल के टॉम बिशॉफ ने लंबी दूरी से दो गोल किए जबकि 18 साल के कार्ल ने अल्फांसो डेविस के क्रॉस पर गोल दागकर बायर्न की जीत सुनिश्चित की। शीर्ष पर चल रहे बायर्न के इस जीत से 28 मैच में 73 अंक हो गए हैं और उसने दूसरे स्थान पर चल रहे बोरुसिया डोर्टमंड पर नौ अंक की बढ़त बना रखी है। डोर्टमेंड ने तीसरे स्थान पर चल रहे स्टुटगार्ट को 2-0 से हराया जबकि बायर लीवरक्युसेन ने 1-3 से पिछड़ने के बाद जोरदार वापसी करते हुए वोल्फ्सबर्ग को 6-3 से मात दी।




## खबर संक्षेप

### टूरिस्ट बस और ट्रक भिड़े, 30 से ज्यादा यात्री घायल



**देवास।** आष्टा-कन्नौद मार्ग पर स्थित सियाघाट के पास रविवार सुबह एक सड़क हादसा हो गया। भूसे से भरे मिनी ट्रक और टूरिस्ट बस के बीच आमने-सामने की जोरदार भिड़ंत में बस में सवार 30 से अधिक यात्री घायल हो गए, जबकि दोनों वाहनों के चालक गंभीर रूप से जख्मी हो गए। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि मिनी ट्रक का अगला हिस्सा पूरी तरह चकनाचूर होकर पलट गया, वहीं बस का फ्रंट भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। टूरिस्ट बस में मेरठ से आए श्रद्धालु सवार थे, जो ओंकारेश्वर में दर्शन कर सीहोर के कुबेरेश्वर धाम जा रहे थे। सीहोर में रुकने के बाद उन्हें मेरठ लौटना था। सुबह चालक को झपकी लग गई, जिसके चलते यह हादसा हुआ। जब हादसा हुआ, अधिकांश यात्री उस समय सो रहे थे। गंभीर रूप से घायल दोनों चालकों को प्राथमिक उपचार के बाद इंदौर रेफर किया गया है।

### नेपाल ने सप्ताह में दो दिन अवकाश की घोषणा की

**काठमांडू (भाषा)।** पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण पैदा हुए ईंधन आपूर्ति संकट के मद्देनजर नेपाल ने सरकारी कार्यालयों और शैक्षणिक संस्थानों के लिए सप्ताह में दो दिन अवकाश की रविवार को घोषणा की। मंत्रिपरिषद ने रविवार को सिंहदरबार सचिवालय में हुई बैठक में शनिवार और रविवार को साप्ताहिक अवकाश देने का फैसला किया। सरकार के प्रवक्ता सस्मित पोखरेल ने मंत्रिमंडल की बैठक के बाद कहा, ''मंत्रिमंडल ने सोमवार यानी छह अप्रैल से सभी सरकारी कार्यालयों और शैक्षणिक संस्थानों के लिए शनिवार और रविवार यानी दो दिन साप्ताहिक अवकाश देने का फैसला किया है।

### बांग्लादेश में खसरे से 19 दिन में 94 बच्चों की मौत

**ढाका (भाषा)।** बांग्लादेश में खसरे के गंभीर प्रकोप के कारण पिछले 19 दिन में कम से कम 94 बच्चों की मौत हो गई है और सरकार ने इस संक्रामक बीमारी से निपटने के लिए आपात टीकाकरण अभियान शुरू किया है। बांग्लादेश सरकार ने यह जानकारी दी। इस प्रकोप ने 64 में से 56 प्रशासनिक जिलों को प्रभावित किया है। देश के प्रधानमंत्री तारिक रहमान की सरकार ने खसरे के लिए समय पर टीके उपलब्ध नहीं कराने को लेकर मोहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार को जिम्मेदार ठहराया है। स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय ने बताया कि खसरे के कारण कुल 94 बच्चों की मौत हुई और इनमें से 10 बच्चों की मौत रविवार सुबह आठ बजे तक से पहले के 24 घंटों में हुईं।

### पिछले साल उर्वरकों का कुल स्टॉक 147 लाख टन था इस साल बढ़कर 180 लाख टन हुआ

# खाद संकट पर सख्त पहरा: 20 देशों से आपूर्ति का जाल, सरकार का युद्धस्तर पर अभियान शुरू

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिम एशिया में जारी सैन्य तनाव ने वैश्विक अर्थव्यवस्था के कई महत्वपूर्ण क्षेत्रों को प्रभावित किया है, जिसमें ऊर्जा और उर्वरक क्षेत्र प्रमुख हैं। ईरान से जुड़े भू-राजनीतिक समीकरणों के कारण कच्चे तेल और गैस की आपूर्ति में अनिश्चितता पैदा हुई है, जिसका सीधा असर उर्वरक उत्पादन पर पड़ा है। नाइट्रोजन और फॉस्फेट आधारित उर्वरकों की वैश्विक आपूर्ति सिमटने लगी है, जिससे कृषि आधारित अर्थव्यवस्थाओं के सामने नई चुनौती खड़ी हो गई है। देश में खरीफ की बुवाई का समय निकट आने के साथ ही उर्वरक की उपलब्धता को लेकर चिंता स्वाभाविक है। इस परिस्थिति को देखते हुए भारत ने समय रहते वैकल्पिक स्रोतों की तलाश तेज कर दी है। सरकार ने नाइट्रोजन और फॉस्फेट आधारित उर्वरकों की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए बहुपक्षीय वार्ताओं की शुरुआत की है, जिससे किसानों को किसी भी प्रकार की कमी का सामना न करना पड़े।

खरीफ 2026 के लिए उर्वरक की आवश्यकता लगभग 390.54 लाख मीट्रिक टन आंकी

उर्वरकों के लिए दुनिया के 20 देशों में भारतीय राजदूत मुस्तैदी से कर रहे काम

देश के 652 जिलों में उर्वरक की बिक्री पर कड़ी निगरानी



#### दूतावासों की निर्णायक भूमिका

*करीब 20 देशों में स्थित भारतीय दूतावास इस संकट से निपटने में अग्रिम पंक्ति में खड़े हैं। ये दूतावास स्थानीय उर्वरक कंपनियों और सरकारी संस्थाओं के साथ लगातार बैठकें कर रहे हैं। इस प्रयास का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि भारत को आवश्यक मात्रा में यूरिया और डाई-अमोनियम फॉस्फेट समय पर उपलब्ध हो सके। यह कूटनीतिक सक्रियता वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में भारत की स्थिति को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।*

#### पारंपरिक आपूर्ति तंत्र में व्यवधान

*अब तक पश्चिम एशियाई क्षेत्र भारत की उर्वरक जरूरतों का एक बड़ा हिस्सा पूरा करता रहा है। यूरिया, डाई-अमोनियम फॉस्फेट और एलएनजी की आपूर्ति का लगभग एक तिहाई हिस्सा इसी क्षेत्र से आता रहा है। लेकिन वर्तमान संकट ने इस स्थापित तंत्र को अस्थिर कर दिया है, जिससे भारत को नए स्रोतों की तलाश करनी पड़ रही है। यह बदलाव दीर्घकालिक रणनीतिक पुनर्संतुलन का संकेत भी देता है।*

#### रूस के साथ सहयोग से मिली राहत

*रूस ने भारत की उर्वरक जरूरतों को लेकर सकारात्मक रुख अपनाया है। उच्चस्तरीय वार्ता के दौरान यह आश्वासन दिया गया कि खनिज उर्वरकों की आपूर्ति में उल्लेखनीय वृद्धि की गई है और भविष्य में भी सहयोग जारी रहेगा। यह भरोसा भारत के लिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि इससे तत्काल संकट को नियंत्रित करने में मदद मिलेगी और दीर्घकालिक साझेदारी को भी मजबूती मिलेगी।*

#### संयुक्त उद्यम से आत्मनिर्भरता की ओर

*उर्वरक क्षेत्र में आत्मनिर्भरता हासिल करने के लिए भारत ने संयुक्त उद्यमों पर भी जोर दिया है। एक बड़े निवेश के साथ प्रस्तावित यूरिया संयंत्र का लक्ष्य आने वाले वर्षों में घरेलू उत्पादन को बढ़ाना है। इससे न केवल आयात पर निर्भरता घटेगी बल्कि लागत में भी कमी आएगी। यह पहल कृषि क्षेत्र की स्थिरता के लिए निर्णायक साबित हो सकती है।*

### राजनाथ सिंह की बात से बौखलाया पाकिस्तान

## आसिफ ने कोलकाता पर हमला करने की दे डाली गीदड़ भभकी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत से लगातार मुंह की खाने के बाद भी पाकिस्तान सुधरने वाला नहीं है। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने एक बार फिर से गीदड़भभकी दी है। ख्वाजा आसिफ ने कहा है कि भविष्य में भारत की ओर से किसी भी प्रकार के दुस्साहस की कोशिश का जवाब कोलकाता पर हमले से दिया जाएगा। ख्वाजा आसिफ का यह बयान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की टिप्पणियों के बाद आया है, जिसमें उन्होंने कहा था कि मौजूदा स्थिति में भारत के पड़ोसी देश की किसी भी दुस्साहस पर अभूतपूर्व और निर्णायक कार्रवाई की जाएगी। आसिफ ने कहा, अगर भारत इस बार कोई भी कदम उठाता है, तो हम उसे कोलकाता तक ले जाएंगे।' उन्होंने दावा किया कि ऐसी खबरें हैं कि उनके अपने आदमियों के जरिए या पाकिस्तानियों के जरिए झूठा अभियान चलाया गया है, जिसमें कुछ शवों को कहीं लिटाकर यह कहा गया है ।



#### पाकिस्तान को मिली थी करारी शिकस्त, अरबों का नुकसान


*भारतीय सेना द्वारा चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर ने पाकिस्तान की कमर तोड़ दी है। 22 अप्रैल 2025 को पहलगाम हमले के जवाब में की गई इस कार्रवाई में पाकिस्तान को भारी सैन्य और आर्थिक क्षति हुई है। भारतीय वायुसेना ने पाकिस्तान के 6 लड़ाकू विमानों और 2 अवैकस को मार गिराया, जिससे उसकी वायु क्षमता 20% तक कम हो गई। आतंकी ठिकानों पर हुए सटीक हमलों में 100 से अधिक आतंकी और उनके टॉप कमांडर ढेर हो गए। आर्थिक मोर्चे पर पाकिस्तान को लगभग 1.5 बिलियन डॉलर का घाटा झेलना पड़ा है। रडार साइट्स और एयरबेस तबाह होने से उसकी सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। भारत के इस कड़े प्रहार ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पाकिस्तान की आतंकी नीतियों को बेनकाब कर दिया है।*

# जबरन चौधरी बन रहे पाकिस्तान को इजराइल ने लताड़ा, कहा- बिलकुल भी नहीं है भरोसे लायक

#### मिडिल ईस्ट में तनाव खत्म कराने कर रहा था उछल-कूद

***ईरान ने पाकिस्तान के प्रयासों की सराहना की लेकिन इजराइल ने साफ मना कर दिया***

***इस्लामाबाद में शांति वार्ता के प्रयास हुए थे, लेकिन बातचीत ही सफल नहीं हो पाई***



सैयद अब्बास अराघची · शहबाज खान · नेतन्याहू

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जंग का मैदान बना मिडिल ईस्ट में फिलहाल शांति होती नजर नहीं आ रही है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 48 घंटे का अल्टीमेटम दिया है और कहा है कि यदि होर्मुज मार्ग नहीं खोला गया तो ईरान में तबाही मचा देंगे। हालांकि इस तरह की धमकियां ट्रंप कई बार दे चुके हैं। इसी तनातनी के बीच पाकिस्तान ने चौधरी बनने की कोशिश की और शांति वार्ता कर मामले को सुलझाने का दावा किया। पाकिस्तान के दावे और और बातचीत के प्रयासों पर इजराइल ने एक झटके में पानी फेर दिया। इजराइल ने साफ तौर पर लताड़ लगाते हुए कहा कि ज्यादा चौधरी बनने की जरूरत नहीं है, पाकिस्तान खुद में एक समस्या है और वो किसी भी सूरत में समाधान नहीं करा पाएगा। इसकी बड़ी वजह ये है कि पाकिस्तान बिलकुल भी भरोसे के लायक नहीं है। भारत में इजराइल के राजदूत रूवेन अजार ने कहा कि उनका देश ऐसे किसी राष्ट्र पर भरोसा नहीं करेगा, जिसके साथ उसके कूटनीतिक संबंध नहीं हैं। उन्होंने कहा कि इजराइल अपने फैसले खुद लेता है और इस मामले में अमेरिका के रुख पर भी भरोसा करता है।

#### तनाव के बीच जारी कूटनीति

*ईरान और अमेरिका के बीच युद्ध जैसे हालात को 37 दिन हो चुके हैं और अब तक युद्धविराम के कोई संकेत नहीं मिले हैं। ऐसे समय में पाकिस्तान लगातार मध्यस्थ की भूमिका निभाने की कोशिश कर रहा है। सैयद अब्बास अराघची ने बातचीत में अमेरिका और इजराइल को क्षेत्रीय अस्थिरता के लिए जिम्मेदार ठहराया और कहा कि ईरान अपनी संप्रभुता की रक्षा के लिए हर संभव कदम उठाएगा। वहीं, इशाक डार ने फिर दोहराया कि शांति का रास्ता केवल बातचीत से ही निकलेगा और सभी पक्षों को संयम बरतना चाहिए।*

### जयशंकर ने कतर के प्रधानमंत्री, संयुक्त अरब अमीरात के विदेश मंत्री से बात की

**नई दिल्ली (भाषा)।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कतर के प्रधानमंत्री शेख मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान बिन जसीम अल थानी से पश्चिम एशिया संघर्ष और वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति पर उसके असर को लेकर रविवार को चर्चा की। विदेश मंत्री ने संयुक्त अरब अमीरात के विदेश मंत्री शेख अब्दुल्ला बिन जायद अल नाहयान से भी फोन पर बातचीत की। कतर के प्रधानमंत्री और संयुक्त अरब अमीरात के विदेश मंत्री से जयशंकर की फोन पर बातचीत ऐसे समय में हुई है जब अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ईरान को दी गई हालिया चेतावनी के बाद पश्चिम एशिया में तनाव और बढ़ गया है। ट्रंप ने चेतावनी दी है कि यदि होर्मुज जलडमरूमध्य को नौवहन के लिए फिर से नहीं खोला गया तो ईरान के बिजली संयंत्रों और पुलों को नष्ट कर दिया जाएगा।

### शिक्षा, रोजगार और जीडीपी को आधार माना

## दुनिया के सबसे दुखी देशों में भारत का पड़ोसी है टॉप पर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



वर्ल्ड हैपियस्ट रिपोर्ट-2026 के मुताबिक अफगानिस्तान दुनिया का सबसे दुखी देश है। इस लिस्ट में कुल 146 देशों को शामिल किया गया है। शिक्षा, रोजगार, घरेलू उत्पादन, व्यक्तिगत स्वतंत्रता और अपराध के मानकों को ध्यान में रखते हुए यह लिस्ट तैयार की गई है। रिपोर्ट्स में कहा गया है कि अफगानिस्तान में शिक्षा और रोजगार बड़ी चुनौती हैं। इसके अलावा महिलाओं को स्वतंत्रता नहीं मिली है। तालिबान शासन में लोग मानसिक तनाव और आर्थिक तंगी दोनों का सामना कर रहे हैं। देश की ज्यादातर आबादी अभावों में गुजारा कर रही है। दूसरे नंबर और तीसरे नंबर पर सिएरा लियोन और मालावी है। ये दोनों ही अफ्रीकी देश हैं। यहां इतनी गरीबी है कि लोगों को दो जून की रोटी मिलनी भी मुश्किल हो जाती है। इसके अलावा इन देशों में राजनीतिक अस्थिरता चरम पर है। ऐसे में लोगों के जनजीवन पर इसका काफी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। मलावी में गरीबी इतनी ज्यादा है कि शिक्षा और रोजगार की बहुत सारे लोग अपेक्षा ही नहीं करते हैं। राजनीतिक अस्थिरता की वजह से अपराध भी बहुत ज्यादा है। इस लिस्ट में चौथा नाम जिम्बॉब्वे का है। राजनीतिक अस्थिरता, महंगाई और गरीबी की वजह से इस देश को दुखी देशों में शामिल किया गया है।

### रेलवे ने मौजूदा कोच को अपग्रेड कर एक 'सैंपल कोच' तैयार किया

यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए आधुनिक सुरक्षा फीचर्स जुड़ेंगे

# अब भारतीय रेलवे ला रहा है नए सुपर कोच, ट्रेन में मिलेगी प्लेन जैसी फीलिंग

सफल परीक्षण के बाद चरणबद्ध तरीके से अन्य ट्रेनों में भी ऐसे कोच लगाए जाएंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अलग खबर

भारतीय रेलवे ने ट्रेन यात्रा को पहले से ज्यादा सुरक्षित और आरामदायक बनाने की दिशा में काम तेज कर दिया गया है। रेल मंत्रालय ने रविवार को जानकारी दी कि रेलवे नए और आधुनिक डिजाइन के कोच तैयार कर रहा है। इन कोच में यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखकर बदलाव किए जा रहे हैं, जिससे सफर का अनुभव बेहतर हो सके। इसके अलावा ट्रेनों में लगे शौचालय को भी अपग्रेड करने की योजना है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के अनुसार रेलवे ने मौजूदा कोच को अपग्रेड कर एक सैंपल कोच तैयार किया है। इस सैंपल कोच के सफल परीक्षण के बाद चरणबद्ध तरीके से अन्य ट्रेनों में भी ऐसे कोच लगाए जाएंगे। नए डिज़ाइन के कोच में सीटों को पहले से ज्यादा आरामदायक बनाया गया है। इसके साथ ही कोच के अंदर की लाइटिंग, वेंटिलेशन और साफ सफाई पर खास ध्यान दिया गया है। यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए आधुनिक सुरक्षा फीचर्स भी जोड़े जा रहे हैं, ताकि आपात स्थिति में बेहतर तरीके से निपटा जा सके।





#### अमृत भारत एक्सप्रेस में होगा पहला प्रयोग

रेलवे के मुताबिक अमृत भारत एक्सप्रेस के कोचों को खास डिजाइन के साथ तैयार किया जा रहा है। कोच के इंटीरियर को पूरी तरह नया रूप दिया गया है। फर्श पर पीवीसी फ्लोरिंग लगाई गई है, जबकि सीट और बर्थ पर नई रैक्सीन का इस्तेमाल किया गया है। इसके साथ ही फोल्डेबल स्नैक टेबल, खिड़कियों के परदे और अत्याधुनिक शौचालय जैसी सुविधाएं भी जोड़ी गई हैं। इन सभी बदलावों में एक समान रंग संयोजन रखा गया है, जिससे कोच का अंदरूनी हिस्सा आकर्षक नजर आता है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2026-28